# ऋषीश्वर ब्राह्मण दर्पण

## आदि गौड़ ऋषीश्वर ब्राह्मण पत्रिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| ब्राह्मण - आदि गौड़ | वेद - यजुर्वेद [शुक्ल] | गंगा - गोदावरी | माला - रुद्राक्ष |
| उपाधि - ऋषीश्वर | उपवेद - धनुर्वेद | देवता - शिवजी | शिखा - दाहिनी |
| ऋषि - वशिष्ठ जी | शाखा - माध्यंदिन | कुलदेवी - सरस्वती | पाद - दाहिना |
| खेरा - नाशिक | सूत्र - कात्यायन | तिलक - त्रिपुण्ड | वृक्ष - पीपल |

### गायत्री मंत्र

ॐ भूर्भुवः स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यं। भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।

सृष्टिकर्ता प्रकाशमान परामात्मा के तेज का हम ध्यान करते हैं,
परमात्मा का वह तेज हमारी बुद्धि को सद्मार्ग की ओर चलने के लिए प्रेरित करें।

### संकल्प पत्र

मैं संकल्प लेता हूँ कि ब्राह्मण धर्म का अनुसरण करते हुए प्रातः काल स्नान कर, अपने मस्तक पर इष्ट देव का तिलक धारण अवश्य करूँगा। अपनी रूचि अनुसार, अष्टगंध, रोली, चंदन अथवा गंगा जल से तिलक अवश्य लगाऊंगा। साथ ही अपने सम्पर्क में आने वाले सभी बंधुओं को तिलक लगाने के लिए प्रेरित करूंगा।

(संकल्प करें और तिलक धारण किया फोटो पत्रिका के ग्रुप पर भेज दें)

विप्र श्रेष्ठ नाम........................................................स्थान......................................

सहयोग राशि : 200/-

वर्ष 2023

**प्रकाशक : ऋषीश्वर ब्राह्मण संस्कृति मंच**

कार्यालय : 134, बरूआ नगर, भिण्ड (मध्यप्रदेश)

मोबा: 8770468036 (पत्रिका संयोजक : देवेन्द्र दीक्षित एडवोकेट)

# विषय सूची

**देवेन्द्र दीक्षित एडवोकेट**

संयोजक ऋषीश्वर ब्राह्मण दर्पण

सप्रेम नमस्कार

पत्रिका प्रकाशन में बहुत से बंधुओं का योगदान है उन सभी का सहृदय आभार व्यक्त करता हूं।आज के समय में वही समाज अग्रणी माना जाता है जिसमें सामाजिक जानकारियां तकनीकी ढंग से लोगों के पास पहुंच रही होती हैं।वह ढंग चाहें पत्रिका के द्वारा हो या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के द्वारा हो।

पत्रिका प्रकाशन की प्रेरणा इस विचार से आई थी कि ऐसी कोई सुविधा शुरू हो जिससे सरल ढंग से अधिकतम सामाजिक जानकारी लोगों को उपलब्ध हो जाए। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम को अपनाने में समाज अभी समय लेगा, इसलिए पत्रिका प्रकाशन एक विश्वसनीय माध्यम लगा।प्रत्येक उम्र के लोग पत्रिका का पाठन कर सकते हैं।

समाज का जो ऐतिहासिक परिचय उपलब्ध हो रहा है वह दुर्लभ हैं, क्योंकि उन्हें संग्रहीत करना काफी कठिन होता है। हमारे कुछ बुजुर्गगण ऐसे हैं जिनके पास ये जानकारियां हैं और उन्हें संग्रहीत ना किया जाए तो वे उनके साथ ही चलीं जाएंगी। पत्रिका छपने के पहले काफी लोगों से संपर्क किया गया है जिससे इतिहास निकल कर आ सके। दुर्लभ ऐतिहासिक लेखों का संकलन निश्चित ही गर्व की अनुभूति प्रदान करेगा।इस संकलन में श्री रमेश उपाध्याय जी (चंदहरा वाले) का बहुमूल्य योगदान रहा है।

पत्रिका में परिवार फोटो होने के कारण एक नया प्रयोग है और समीक्षा से ही पत्रिका की उपयोगिता सामने आ सकेगी। 300 परिवारों एवं कुछ प्रतिभाओं के परिचय समाहित हैं। पत्रिका में बहुत से फोटो सहित सम्पूर्ण परिवार परिचय मिल जाना निश्चित ही रुचिकर रहेगा।प्रतिभाशाली बच्चों के परिचय, अन्य प्रतिभाओं को प्रेरणा प्रदान करेंगे। ये परिचय सामाजिक ज्ञान को बढ़ाने में निश्चित रूप से सहायक हो सकते हैं।समाज में परिचय का दायरा बढ़ना समय की मांग है।

**आचार्य राजेश शास्त्री**

श्रीमद् भागवत कथा वाचक, ग्राम फूप, जिला–भिण्ड

प्रिय ऋषीश्वर बंधुओं

ऋषीश्वर परिवारिक परिचय पत्रिका "ऋषीश्वर ब्राह्मण दर्पण का प्रकाशन समय की मांग है क्योंकि आज परिचय के दायरे बहुत सिमट गए हैं। कारण यह कि आज के समय में व्यक्ति रोजगार और व्यवसाय के लिए ग्रामीण क्षेत्र से दूर शहरों में निवास कर रहा है। कई शहरों में समाज के गिने चुने परिवार हैं या अन्य किसी की मौजूदगी की जानकारी नहीं है तो ऐसे में सामाजिक संपर्क का अभाव रहता है। वैवाहिक सम्बन्धों की दृष्टि से देखा जाए तो जरूरतमंद व्यक्तियों के पास विवाह योग्य लड़के और लड़कियों और उनकी परिवारिक पृष्ठभूमि की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाती है। फलस्वरूप अपने लड़के एवं लड़की के योग्य घर ढूढने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आज समाज में कई लड़के जिनकी उम्र 30 या 30 के पार हो चुकी है कुंवारे घूम रहे है क्योंकि उनके बारे में स्पष्ट बायोडेटा उनके परिवार की जानकारी समाज के पास उपलब्ध नहीं है, ऐसे में पत्रिका एक बेहतर प्लेटफार्म सिद्ध हो सकती है। इसके साथ ही पत्रिका में समाज की ऐतिहासिक जानकारियों का भी समावेश किया जा रहा है। जिससे सभी को समाज के गौरवशाली इतिहास का पता चलेगा और ज्ञान में वृद्धि होगी।

पत्रिका के संयोजन का कार्य श्री देवेन्द्र दीक्षित द्वारा किया गया है उनका कार्य सराहनीय है। पत्रिका समय की मांग है, सामाजिक जानकारियों का आदान प्रदान करने में उपयोगी सिद्ध होगी, ऐसा मेरा विश्वास है। यह आगे भी प्रकाशित होती रहे यह जरूरी है। पत्रिका के सभी सहयोगकर्ताओं को धन्यवाद और शुभकामनाएं।

---

सत्यमेव जयति नानृतं<br>
सत्येन पन्था विततो देवयानः।<br>
येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा<br>
यत्र तत् सत्यस्य परमं निधानम्॥<br>
–मुण्डोपनिषद्

अर्थात् सत्य ही विजयी होता है, झूठ नहीं , क्योंकि वह देवयान नामक मार्ग सत्य से परिपूर्ण है, जिससे पूर्णकाम ऋषि लोग वहाँ गमन करते हैं जहाँ वह सत्य स्वरूप परब्रह्म का उत्कृष्ट धाम है।

## इंजी. श्री संजीव शर्मा

सीनियर इंजीनियर नोएडा, ग्राम विन्डवा, जिला-मुरैना

सभी को नमस्कार

ऋषीश्वर ब्राह्मण दर्पण पत्रिका के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई। यह उन सभी परिवारों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगी, जो अपनी नौकरी या व्यवसाय के कारण समाज बाहुल्य क्षेत्र से दूर रहते है। कई बार ऐसा होता है कि उसी शहर में अपने समाज के लोग निवास कर रहे होते हैं लेकिन हमें जानकारी नहीं होती है। यदि जानकारी हो जाए तो परिचय विस्तार किया जा सकता है। इस पत्रिका में 300 परिवारों की डिटेल आई है, इसी प्रकार आगे भी परिवारों की विस्तृत जानकारियाँ आती रहें तो समाज को बड़ा योगदान मिलेगा। इससे समाज में परिचय का दायरा बढ़ेगा। पत्रिका से समाज में एक दूसरे से जान पहचान तो बढ़ेगी ही, साथ में यह शादी संबंधों को जोड़ने में भी सहायता देगी।

पत्रिका में प्रकाशित लेखों से हमें सामाजिक चिंतन का पता चल सकेगा। ऐतिहासिक जानकारियों से हमारे ज्ञान में वृद्धि होगी और गौरव का भाव जागेगा। इसलिए इस पत्रिका के प्रकाशन से निःसंदेह एक अच्छा संदेश समाज में जाएगा। मेरा निजी तौर पर यह मानना है कि पत्रिका का कोई विकल्प नहीं है। इसको पढ़ने से जो सुखद अहसास होता है वह स्क्रीन पर पढ़ने से नहीं मिलता है। वर्तमान में पत्रिकाओं का चलन कम हुआ है लेकिन इसके चाहने वाले आज भी बहुत लोग हैं। विशेषकर सामाजिक जानकारियों के लिए तो पत्रिका प्रकाशित होते रहना चाहिए। आज के आधुनिक युग में डिजीटल प्लेटफॉर्म, मेट्रीमोनियल बेवसाइट जैसी आधुनिक तकनीक का सहयोग लेना भी आवश्यक है। अभी समाज में इस ओर ध्यान आकर्षित नहीं हुआ है जो अत्यन्त आवश्यक है, यह सुविधा भी समाज में उपलब्ध है। साथ में सामूहिक परिचय सम्मेलन की स्वीकार्यता भी आवश्यक है। शादी संबंधों के लिये परिचय सम्मेलन के बिना काम चलना सम्भव नहीं है। एक जगह ऐसी सुविधा मिल जाये जहाँ वरवधू चयन सुगमता से हो सकें। इस तरह के प्लेटफार्म की आवश्यकता है।

## श्री पवन शर्मा

प्रधानाध्यापक, रूधावली वाले, जिला-मुरैना

जय श्री राम जय ऋषीश्वर

हम सभी की रूचि इस में होती है कि समाज की विस्तृत ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त हो। अपनी संस्कृति और धर्म में रूचि बनाए रखने के लिये प्रत्येक ऋषीश्वर बंधु जानना चाहता है कि हमारे पूर्वज कौन थे, कहां से आए, क्या गौरवशाली इतिहास रहा। पूर्व में भी कुछ गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा पुस्तकें लिखी गई हैं। हमने उनको भी पढ़ा है और अपने पूर्वजों से भी काफी कुछ सुना है। इन सभी जानकारियों का संकलन "ऋषीश्वर ब्राह्मण दर्पण" पत्रिका में पिरोया जा रहा है। इस पुस्तक को गढ़ने में समाज के प्रत्येक व्यक्ति का किसी न किसी प्रकार से सहयोग रहा है उन सभी समाज प्रेमियों को मेरा सादर प्रणाम है। उन्होनें अपने अथक प्रयासों से हमको एक बहुमूल्य ग्रंथ उपलब्ध कराया है। वे सभी इस ग्रंथ के शिल्पकार हैं और आने वाली पीढ़ी के लिए उदाहरण हैं, पथ प्रदर्शक हैं। पत्रिका प्रकाशन का कार्य इसके संयोजक श्री देवेन्द्र दीक्षित हाल निवास भिण्ड के प्रयासों से किया जा रहा है, उनका भी आभार व्यक्त करता हूँ।

इस पुस्तक में फोटो सहित परिवार परिचय और महत्वपूर्ण लेखों का संकलन देखने को मिलेगा। अन्य ऋषीश्वर ग्रन्थों की तरह यह पुस्तक भी समाज के लिए उपयोगी साबित होगी, और विभिन्न लाभ प्राप्त होंगे। इस पुस्तक या ग्रंथ के माध्यम से हमें समाज के विषय में अनगिनत लाभदायक जानकारियां प्राप्त होने जा रही हैं। यह पुस्तक हमारे समाज के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। मैं एक बार पुनः "ऋषीश्वर ब्राह्मण दर्पण के संयोजन में संलग्न सभी बंधुओं को प्रणाम करता हूँ।

---

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥
-बृहदारण्यक उपनिषद्

अर्थात् वह (पारमार्थिक सत्य) पूर्ण है, यह (जागतिक सत्य) भी पूर्ण है क्योंकि उस पूर्ण से ही यह पूर्ण उत्पन्न हुआ है, इसलिए उस पूर्ण में से इस पूर्ण को निकाल लेने पर भी पूर्ण ही शेष रहता है।

# परदेश से अपनों के नाम एक संदेश

## इंजी.धर्मेन्द्र शर्मा

पुत्र: श्री मुरारी लाल शर्मा (बाबरीपुरा वाले)
मूल निवास गाँधी कॉलोनी, मुरैना
हाल निवास: डैलस, टैक्सास, (यू.एस.ए.)


सभी समाजप्रेमी बंधुओं को प्रणाम !!

आज के वैश्वीकरण के दौर में बहुत कम लोग ही इतने भाग्यशाली होते हैं कि उन्हें अपने ही गृह नगर या प्रदेश में जीवन यापन करने का अवसर प्राप्त हो पाता है। ज्यादातर युवाओं को या तो कॉलेज की पढ़ाई या फिर नौकरी के चलते शहर और प्रदेश से बाहर जाना पड़ता है। कई बार तो देश भी छोड़ना पड़ता है।

अब इसे मजबूरी कह लो या अवसर कि मुझे भी लगभग 24 वर्ष पहले अपना घर परिवार छोड़कर स्कूली शिक्षा के लिए 500 किमी दूर रीवा जाना पड़ा था। तब मेरी उम्र 10 वर्ष थी। इतनी कम उम्र में घरवालों से दूर हॉस्टल में रहना अपने आप में ही एक परीक्षा थी जिसे मैनें और मेरे माता-पिता ने अच्छे भविष्य की आकांक्षा में चुना था।

स्कूली शिक्षा के पूर्ण होने पर सेना में अफसर बनने की जो उम्मीद थी वह पूरी ना हो सकी और हम भी इंजीनियर बनने के लिए भोपाल आ गये। इंजीनियरिंग पूरी होने के बाद कैंपस सिलेक्शन से, नौकरी तो मिल गई पर फिर से शहर बदलना पड़ा। इस बार पड़ाव था देश के राजधानी क्षेत्र में आने वाला शहर नोएडा।

नोएडा में पहली बार अपने करीबी रिश्तेदारों के अलावा समाज के अन्य लोगों से मिलने का मौका मिला, जिसका श्रेय श्री फूलसिंह शर्मा भाईसाहब को जाता है। उन्होनें वर्ष 2013 में एक कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें दिल्ली और उसके आसपास के शहरों में रह रहे समाज के लोगों से मिलने का अवसर मिला था। उसके पहले तक जीवन में सिर्फ स्वयं और परिवार के हित हेतु प्रयासरत थे। पहली बार यह विचार आया कि हमें जो अवसर मिला वह बाकी लोगों को कैसे प्राप्त हो। समाज के लोगों को मैं अपने जीवन के संक्षिप्त अनुभवों से कैसे लाभान्वित कर सकता हूँ ?

इसी बीच शादी हो गई और प्राथमिकताएं बदल गयी। समय के साथ परिवार में वृद्धि हुई और एक नन्हे बालक ने हमारे घर जन्म लिया। जीवन अपनी गति से चल रहा था। 2017 में कंपनी की ओर से अमरीका जाने का अवसर मिल गया और हम परिवार समेत अमरीका (USA) के टेक्सस प्रांत के डैलस (Dallas) आ गये।

इसी बीच व्हाट्सऐप के माध्यम से समाज के कुछ समूहों में जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। शुरूआत में प्रयास था कि समाज के जितने भी लोग भिण्ड-मुरैना-ग्वालियर से बाहर रह रहे हैं उनको एक मंच पर लाया जाये।

मुझसे जितना हो सका में समाज की चर्चा में जुड़ पाया 2020 मार्च में कोरोना की दस्तक के बाद जो एकजुटता देखने को मिली वह बहुत प्रेरणादायक रहा।

हमने प्रयास किए कि समाज में विधवा पुर्नविवाह की शुरूआत की जाये। मुझे यह जानकर बहुत हर्ष हुआ कि पिछले वर्ष हमें इसमें सफलता मिली और समाज में एक नयी रीति का आरंभ हुआ है, जिससे हमारी बहनों को जीवन में फिर से उम्मीद बंधी है। ऐसा ही एक और प्रयास महिला स्वावलंबन का है जो समय समय पर आयोजन कर सिलाई मशीन वितरण किया जा रहा है। मुझे खुशी है कि परोक्ष माध्यम से ही परंतु समाज के कार्यक्रमों में जुड़ने का अवसर मुझे मिलता रहा है।

विदेश में रहकर एक बात जो मुझे समझ आयी है वह यह कि व्यक्ति का अपनी जड़ो से जुड़े रहना बहुत जरूरी है वरना वह सागर में तैरते हुए तिनके के सामान हो जाता है, जिसकी अपनी कोई पहचान नहीं रह जाती है। समय के साथ यह ज्ञान भी हुआ कि माता-पिता के लिए बच्चों की खुशी और भलाई से बढ़कर कोई और चीज नहीं होती है। कभी कभार हमसे समझने में भूल हो जाती है।

अंत में मैं अपने अनुभवों के आधार पर अपने युवा साथियों और बड़ो से यही कहना चाहूँगा कि पढ़ाई और नौकरी के लिए शादी को अत्यधिक ना टालें और 25 वर्ष तक विवाह कर लें। बहुत ज्यादा अच्छी नौकरी या बहुत अच्छे रिश्ते के इंतजार में जीवन अकेले व्यतीत ना करें। जीवन की उपलब्धियों का असली आनंद अपने परिवार के साथ उन पलों को जीने में हैं।

एक और बात जो में अपने अनुभव से आप लोगो से साझा करना चाहूँगा वह है सीमित परिवार को लेकर। नयी पीढ़ी में जहां लोग अपनी जिंदगी को जीने को ज्यादा महत्व दे रहे हैं वहाँ परिवार सिमटते जा रहे हैं। आजकल हम दो हमारे दो नहीं बल्कि हम दो हमारा एक हो गया। चाहे लड़का हो या लड़की इस बात की कोई परवाह नहीं करते है। इसके चलते आने वाले समय में कई रिश्ते बचेंगे ही नहीं। भाई, बहन, मौसी, चाचा, मामा, बुआ आदि सिर्फ कहानियों में ही रह जाएँगे। परिवार ही आपके सुख-दुख का साथी है। बड़े लोग कह गये हैं कि जीवन में हर चीज कभी भी पायी जा सकती है। सिर्फ संतान का सुख ही एक ऐसी चीज है जो एक उम्र के बाद नहीं हो सकता है। इसी लिये केरियर, घूमना, महँगाई सब होता रहेगा परन्तु अपने पितृ ऋण से विमुख नहीं हुआ जा सकता है। समय पर शादी और फिर संतान सुख की ओर ध्यान देना भी जरूरी है। कुछ माह पहले ही हमारे परिवार में दूसरें पुत्र का आगमन हुआ है खुशियाँ भी दुगुनी हो गयी हैं।

---

लोकमान्य तिलक ने कहा है कि, 'मैं नरक में भी उत्तम पुस्तकों का स्वागत करूंगा क्योंकि इनमें वह शक्ति है कि जहाँ ये रहेंगी वहां अपने आप ही स्वर्ग बन जाएगा।' अच्छी पुस्तकों के अध्ययन के समय मनुष्य की गति एक सूक्ष्म विचार लोक में होने लगती है। यह ध्यान की अवस्था आनन्ददायी होती है तथा उच्च विचारों व भावलोक का सानिध्य, स्वर्ग जैसी अनुभूति प्रदान करता है। कई व्यक्ति सद्ग्रंथों का अध्ययन करते समय दिव्य भाव भूमि या समाधि अवस्था में प्रवेश कर जाते हैं व चेतना के उच्च स्तरों से तादात्म्य स्थापित कर लेते हैं। कई रहस्यपूर्ण तथ्यों की खोज भी उच्च चेतना के संपर्क में आने से हो जाती है। साथ ही व्यक्ति की बुद्धि बहुआयामी हो जाती है।

# वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ब्राह्मण समाज

**सत्यनारायण चतुर्वेदी**

शिक्षक माध्यमिक विद्यालय, कॉटनजीन, भिण्ड
अकोड़ा, जिला-भिण्ड


ब्राह्मण वर्ग ने त्याग, तपस्या, बुद्धिबल एवं उच्च आदर्शों के सहारे हर युग में कीर्तिमान स्थापित किये हैं। और इन गुणों के कारण समाज में श्रेष्ठता स्थापित की है। आज भी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ब्राह्मण वर्ग अन्य वर्गों की अपेक्षा कहीं अधिक सेवा दे रहा है तथा राष्ट्र की उन्नति व उसे परम वैभव की ओर ले जाने के लिए प्राण प्रण से जुटा है। स्वतंत्रता आन्दोलन हो, युद्धकाल हो या शान्ति काल ब्राह्मण समुदाय ने राष्ट्र की सर्वोपरि सेवा की है। स्वतंत्रता के बाद ब्राह्मण वर्ग को सम्पन्न मानकर सभी प्रकार की शासकीय सहायताओं या सुविधाओं से वंचित रखा गया है, जबकि ब्राह्मण समुदाय में भी एक बहुत बड़ा वर्ग है जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहा है। आरक्षण से ब्राह्मण वर्ग के बच्चों को, आगे बढ़ने के अवसर निरंतर कम होते गये हैं, इसके बाद भी ब्राह्मण वर्ग ने धैर्यपूर्वक समाज के अन्य वर्गों की उन्नति को दृष्टिगत रखते हुए आरक्षण व्यवस्था को स्वीकार किया है। परन्तु पिछले कुछ वर्षों से देश में ब्राह्मण वर्ग के प्रति घृणा एवं विद्रोह के बीज बोये जा रहे है।

ब्राह्मणों के त्याग, समर्पण और बलिदानों को भुलाकर एक ऐसी गलत धारणा गढ़ी जा रही है जैसे यह वर्ग शोषक और गरीबों के प्रति अत्याचारी रहा है। समाज में ऐसी धारणा व ब्राह्मण वर्ग के प्रति वर्ग विशेष में घृणा भरने का कार्य स्वतंत्रता के बाद कम्यूनिस्टों का रहा है, जिसे राजनैतिक संरक्षण भी प्राप्त रहा है। कम्युनिस्ट वर्ग ने समाज में ब्राह्मण की ऐसी छवि बनाने का प्रयास किया जो धार्मिक कर्मकांड एवं पाखण्ड में लिप्त रहता है, जो दयालु न होकर क्रोधी, अंहकारी व धन का लालची है, जो दिन रात मूर्तियों के सामने बैठा रहता है एवं दिन में कई बार स्नान करता है क्योंकि उसे किसी शूद्र ने छू लिया है। जवकि वास्तविकता यह है कि ब्राह्मण वर्ग में बहुसंख्यक व्यक्ति मजदूरी, कृषि अथवा व्यवसाय या नौकरी करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

इस सबके बाद भी ब्राह्मण वर्ग सहिष्णुता के साथ अपने अन्दर किसी भी प्रकार की कमियों या बुराईयों के प्रति आत्म मंथन करता रहा है।

पुरूष सूक्त में चतुर्वर्ण की तुलना परमात्मा के अंगो से की गई है।...

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः।
ऊरूतदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रोऽजायत्॥

अर्थात् ब्राह्मण परम पुरूष परमात्मा का मुख है, क्षत्रिय बाहु है, उदर वैश्य है एवं पाद शूद्र है। जिस प्रकार शरीर में मस्तिष्क प्रधान है उसी प्रकार समाज में ब्राह्मण की विद्वता प्रधान है। शास्त्रों में ब्राह्मण शब्द में विद्वान या ज्ञानवान अर्थ ही ग्रहण किया गया है। यहाँ अन्य वर्गों की उपेक्षा नहीं है बल्कि शरीर के माध्यम से एकता प्रदर्शित की गई है ब्राह्मण ऐसा व्यक्तित्व है जो समाज से न्यूनतम लेता है और समाज को अधिकतम देता है अर्थात् त्याग पूर्ण जीवन। वर्ण व्यवस्था में प्रत्येक वर्ण महत्वपूर्ण है।

जन्मना जायते शूद्रः संस्कारत् द्विज उच्यते।
वेदाध्यायी भवेद् विप्र, ब्रह्म जानाति ब्राह्मणः॥

अर्थात् जन्म लेने वाले प्रत्येक प्राणी शूद्र है। शिक्षा एवं संस्कार प्राप्त करने के पश्चात ही वह द्विज बनता है। शिक्षा और संस्कारों का महत्व तो सर्वाविदित ही है।....

भारतीय दर्शन में शब्दों के मात्र व्यवहारिक अर्थ ही नहीं हैं बल्कि उसके आधिदैविक एवं आध्यात्मिक अर्थ भी हैं। सनातन धर्म ग्रंथों में ब्राह्मण और ब्राह्मणत्व पर सूक्ष्म एवं गहन चिंतन किया गया है। वर्ण-आश्रम व्यवस्था में ब्राह्मण एक जाति है जिसके समाज में कुछ निश्चित कार्य हैं।

ब्राह्मण के स्वाभाविक कर्म इस प्रकार बताए हैं-
शमो दमस्तपः शौच क्षान्तिरार्जवमेव च।
ज्ञान विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम्॥

अर्थात् अन्तःकरण का निग्रह करना, इन्द्रियों का दमन करना, धर्म पालन के लिए कष्ट सहना, बाहर-भीतर की शुद्धि रखना, दूसरों के अपराधों को क्षमा करना, जीवन में सरलता, वेद-शास्त्रों एवं ईश्वर में श्रृद्धा रखना, वेद शास्त्रों का अध्ययन-अध्यापन और परमात्म तत्व का अनुभव करना।

वर्तमान समय में ब्राह्मण वर्ग निश्चित ही अपने निर्दिष्ट स्वाभाविक कर्मों से च्युत हुआ है इस कारण ब्राह्मण वर्ग का पतन हुआ है। अतः यदि ब्राह्मण वर्ग को अपना खोया गौरव प्राप्त करना है तो सनातन धर्म के, स्वयं भगवान के वचनों के अनुसार जीवन को बनाना होगा। वर्तमान समय में व्यवहारिक कार्यों में परिवर्तन हो सकती हैं परन्तु उनके सन्निहित मूलतत्व अपरिवर्तित ही रहेगें।

ब्राह्मणत्व की पुनर्स्थापना के लिए कुछ ठोस उपाय जो किये जाने चाहिए : 1. हमें अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कृत भाषा की शिक्षा अवश्य देना चाहिए जिससे वे स्वयं अपने शास्त्रों को समझ सकें।

2. हमें अपनी वर्णव्यवस्था को तुरंत ठीक करना होगा अन्यथा शत्रु हमारी इस कमजोरी का लाभ लेने के लिए तत्पर बैठे हैं। ऊँच-नीच व जातिगत भेदभाव को शीघ्र अतिशीघ्र समाप्त करने की आवश्यकता है।

3. प्रचलित गलत सामाजिक बुराईयों को दूर करना तथा समाज में जन जागृति हेतु प्रबुद्ध वर्ग को आगे आना आवश्यक है।

4. संकीर्ण मानसिकता को त्याग कर सोच को व्यापक बनाना एवं बच्चों में आत्म गौरव बढ़ाना।

5. कुछ छोटे-छोटे उपाय जो ब्राह्मणत्व को जगाने में बहुत उपयोगी हो सकते हैं जैसे-घर में अच्छा साहित्य होना, घर में गीता, रामायण आदि का पठन-पाठन होना, एक साथ सपरिवार भोजन करना, नित्य पूजा, संध्या होना, तिलक लगाना, बच्चों को उपयोगी मंत्रों का अभ्यास करवाना, घर में महापुरूषों के चित्र लगाना, त्यौहार उत्साह से मनाना एवं त्यौहारों का बच्चों को महत्व बताना आदि।

# ब्राह्मणों के शुभ प्रतीक

**जगदम्बा प्रसाद शर्मा**
रिटा. पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी
पशुपालन विभाग मध्यप्रदेश
ग्राम : बिरधनपुरा, हाल : भिण्ड

ब्राम्हण के मस्तक पर तिलक, सिर पर चोटी (शिखा), यज्ञोपवीत, गले में कंठी माला और मुख में भगवान का नाम या मंत्र अवश्य होना चाहिए।

ऋषिश्वर ब्राह्मण शुक्ल यजुर्वेदी ब्राह्मण है इनके देवता शिवजी है, तिलक त्रिपुण्ड हैं। त्रिपुण्ड में तीन रेखाएं होती हैं जिनमें एक महादेव , एक विष्णु, और एक ब्रह्माजी की होती है। लाल रोली की गोल बिंदी शक्ति की होती है। तीनों देवता सतोगुण रजोगुण और तमोगुण का प्रतिनिधत्व करते हैं। सनातनी हिन्दू त्रिपुंड को प्रारंभ से ही लगाते आए हैं। वैसे जो व्यक्ति जिस देवता को इष्ट मानता है उसे अपने देव का तिलक लगाना चाहिए। त्रिपुंड महामृत्यंजय मंत्र बोलकर लगाने का विधान है। शिव महापुराण के अनुसार त्रिपुंड धारण करने वाले व्यक्ति से यमदूत भी डरते है।

तिलक धारण करने का वैज्ञानिक आधार यह है इससे आज्ञा चक्र जाग्रत होता है जिससे मस्तिष्क की एकाग्रता में वृद्धि होती है और आध्यात्मिक ज्ञान बढ़ता है। ब्राह्मण का मस्तक सूना नहीं रहना चाहिए। प्रातःकाल स्नान करके अगरबत्ती जलाना और तिलक लगाना ब्राह्मण को अवश्य करना चाहिए कुछ लोगों को वाहर लगाकर जाने मे संकोच होता है उन्हें सलाह है कि प्रातःकाल घर पर तो अवश्य लगा लिया करें या गंगा जल से ही तिलक लगा लिया करें। लेकिन इसकी शुरूआत अवश्य करें और संकोच दूर करें। तिलक सिंदूर, भस्म, मिट्टी और गंगाजल किसी से भी धारण किया जा सकता है। तिलक लगाते समय इस मंत्र का उच्चारण करना चाहिए।

कान्ति लक्ष्मीं धृतिं सौख्यं सौभाग्यमतुलम् बलम्।
ददातु चंदनं नित्यं सततं धारयाम्हम् ।।

तिलक के लिये अनामिका उंगली अधिक उपयुक्त होती है। यह सबसे छोटी उंगली के बगल वाली उंगली होती है ... चंदन और रोली का तिलक सर्वाधिक प्रचलित है। तिलक गोल रख सकते है। यदि लंबा रखना है तो नीचे से ऊपर की ओर तिलक ले जाना चाहिए .....

तिलक के बारे में विस्तृत जानकारी इसलिये दी गई है क्योंकि यह प्रत्येक व्यक्ति सरलता से कर सकता है। यदि यथा संभव ब्राह्मण संस्कारों को अपनाया जायेगा तो इसका लाभ भी अवश्य महसूस होगा, इसलिये इन बातों पर ध्यान अवश्य दें।

शिखा यानी चोटी रखना केवल धार्मिक चिन्ह भर नहीं हैं बल्कि इसके माध्यम से देवीय ऊर्जा का संचार सुगम होता है यह इसका वैज्ञानिक आधार है। चोटी, यज्ञोपवीत जिनसे बन सके तो अवश्य धारण करें लेकिन घर में हवन कराना और कलावा बंधवाना समय समय पर अवश्य करना चाहिए। यज्ञ करना ब्राह्मण के संस्कार हैं इसे कभी त्यागना नहीं चाहिए। ब्राह्मण को सोलह संस्कार भी अवश्य कराना चाहिए। प्रतिदिन न्यूनतम 5 मिनट का समय ईश्वर आराधना के लिये अवश्य दें। हम पूजा अर्चना भले ही नहीं कर पा रहे हों लेकिन प्रातः स्नान करके अगरबत्ती अवश्य लगाना चाहिए।

संस्कृत दैव भाषा है और हमारी पुरातन धरोहर है। वेद उपनिषद, मंत्र स्त्रोत आदि इसी भाषा में है, संस्कृत से ही सभी भाषाएं जन्मी हैं लेकिन हमने इसे भुला दिया है। अंग्रेजी भाषा सीखना अच्छी बात है पर ब्राह्मण को संस्कृत भी अवश्य सीखना चाहिए। बालकों को कम से कम 10 श्लोक और एक स्त्रोत अवश्य याद कराना चाहिए। हमें कुछ धर्मग्रंथो का अध्ययन भी अवश्य होना चाहिए एवं अपने वेद शाखा सूत्र और देवता कुलदेवी का ज्ञान भी होना चाहिए। हमारा वेद शुक्ल यजुर्वेद, उपवेद धनुर्वेद, शाखा मांध्यदिन, सूत्र कात्यायन, ऋषि वशिष्ठ जी देवता शिवजी, कुलदेवी सरस्वती, खेरा नाशिक और गंगा गोदावरी हैं और हम आदि गौड ब्राह्मण हैं। इसे स्मरण रखेंगें तो गौरव अनुभव करेगें।

वर्तमान में ब्राह्मण का अनावश्यक विरोध करने की एक प्रथा सी बन गई है इसके लिये सभी ब्राह्मण को आपस में मिल जुल कर रहना चाहिए।

सं गच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे सञ्जानाना उपासते ।।

अर्थात – हम सब एक साथ चलें, एक साथ बोलें, हमारे मन एक हों। प्राचीन समय में देवताओं का ऐसा आचरण रहा इसी कारण वे वंदनीय हैं। जैसे दिव्य शक्तियाँ से संपन्न सूर्य–चन्द्र आदि देव परस्पर अविरोध भाव से प्रेम से, अपने कार्यों को करते है वैसे ही ब्राह्मण भी समष्टि भावना से प्रेरित होकर एक साथ कार्यों में प्रवृत हों।

---

संसार में शक्तिशाली मनुष्य का ही सम्मान होता है, शक्तिहीनता दुख ही देती है। शक्ति का महत्व इससे भी प्रकट होता है कि देवी देवता भी अस्त्र शस्त्र धारण किए हुए बताए गए हैं, जो शक्ति के प्रतीक हैं।।भगवान श्रीराम धनुषवाण , हनुमान जी गदा, भगवान कृष्ण सुदर्शन चक्र और भगवान परशुराम फरसा की शक्ति को धारण करते रहें हैं। लेकिन केवल दैहिक बाहुबली होना ही शक्तिवान होना नहीं है,बल्कि शक्ति के विभिन्न स्वरूप होते हैं। ज्ञानबल भी श्रेष्ठ बल है।ब्राह्मणों की शक्ति उनका ज्ञानबल या ब्राह्मणत्व ही है।ब्राह्मणत्व से संपन्न होना भी शक्तिवान होना है। प्राचीन समय में हमारे पूर्वज ऋषि मुनि भी दैवीय शक्तियों के स्वामी थे। तप, संयम व साधना के द्वारा सब कुछ पाने में समर्थ थे। एक श्रेष्ठ जीवन शैली उन्होंने अपनाई थी। उनके जीवन में दीनता का अभाव कभी भी नहीं रहा क्योंकि उन्होंने ब्राह्मणत्व की शक्ति का समुचित विकास किया था।हमारे पूर्वज साधना करके दैवीय शक्तियों से संपन्न हुए थे।आज भी आवश्यकता इस बात की है हम अपने पूर्वजों की चिंतन परंपरा तथा जीवन शैली को अपने जीवन में उतारें तथा सामर्थ्यवान बनें। आज हम अपनी शक्ति को भूले हुये हैं।

ब्राह्मण समाज को चाहिए कि वे शास्त्रोक्त जीवन जिएं। ईश्वर की कृपा को प्राप्त करते हुये आध्यात्मिक शक्ति सम्पन्न हों तथा अपना जीविकोपार्जन श्रेष्ठ ढंग से करते हुये सदमार्ग पर चलें।

प्रत्येक परिवार में एक साधना कक्ष अवश्य हो जिसमें घर के बड़े-छोटे, बहु-बेटियां कुछ समय प्रभु की आराधना में लगाएं। बच्चों को अच्छे संस्कार देने का प्रयास किया जावे तथा उन्हें हिन्दू संस्कृति की महान परम्पराओं का बोध कराया जाता रहे। ऐसे बच्चे ही भविष्य में परिवार व समाज को सही उन्नति दे सकेंगे। साधना का मार्ग ही ब्राम्हण का सच्चा मार्ग है इसी से वह शक्तिवान होकर सम्माननीय बनेगा।

# नर्मदे हर

कैलाश नारायण शर्मा
Ex.Chief Pharmacy Officer
ग्राम बिधनपुरा, जिला-भिण्ड


सर्वतीर्थेषु यत्पुण्यं सर्वयज्ञेषु यत्फलम्।
सर्ववेदेषु यज्ज्ञानं तत्सर्वं नर्मदातटे।।

सम्पूर्ण तीर्थों में स्नानादिसे होने वाला पुण्य तथा समस्त यज्ञों के हो चुकने पर जो फल एवं समग्र वेद अध्ययन करने पर जो ज्ञान मिलता है वह सब नर्मदा जी के तट पर विद्यमान है। अर्थात रेवा तट पर निवास करने से भोग और मोक्ष दोनों सुलभ हो जाते है

नर्मदे त्वं महाभागा सर्वपापहरी भव।
त्वदप्सु याः शिलाः सर्वाः शिवकल्पाः भवन्तु ताः।।

हे नर्मदे ! तुम बड़ी भाग्यशालिनी हो। तुम संसार के समस्त पापों को हरण करने वाली होंओगी। तुम्हारे जल में स्थित सब पाषाण शिव तुल्य होंगे अर्थात शिव मानकर पूजे जाएँगे।

## माँ नर्मदा का महत्व

पुराणों में वर्णित रेवा तटवर्ती अनेक तीर्थ ज्योतिलिंग उपलिंग ओंकारेश्वर ममलेश्वर शूलपाणीश्वर-गरूड़ेश्वर, हंसेश्वर, विमलेश्वर, महेश्वर, सिद्धनाथ, रिद्धनाथ, बद्रिकाश्रम, व्यास, अनुसूया क्षेत्र आदि आज भी प्रसिद्ध है। नर्मदा के सभी कंकर शिव शंकर हैं यह प्रमाणित लोकोक्ति तो निस्संदेह नर्मदा को सर्वत्र शिवमय होना सिद्ध कर रही है। भारत के प्रायः सभी पीठों में इनके बाणलिंगो को प्रतिष्ठित किया जाना प्रत्यक्ष प्रमाण है। अमरकंटक से रेवा सागर संगम तक असंख्य तीर्थों का उल्लेख पुराणों में है। विधि, हरि, हर, सूर, सूर्य, चन्द्र, इंद्र, वरूण, कुबेर, स्कंद, सनत कुमार, नारद, नचिकेत, विशिष्ट, व्यास, कश्यप, गौतम, भारद्वाज, भृगु, याज्ञवल्क्य, मार्कंडेय, पुरूरवा, हिरण्यरेता आदि अगणित देवर्षि और महर्षि जन ने रेवा का सेवन किया और दीर्घकाल तक तपस्या करते हुए उन्होंनें यह अनुभव किया कि रेवा तीरे तपः कुर्यात मरणं जाह्नवि तटे, । अतः कहने की आवश्यकता नहीं कि तप से होने वाली सभी सिद्धियाँ यहां सहज ही प्राप्त हो जा जाती है। नर्मदा के सिद्ध तो प्रसिद्ध ही हैं। इसी सिद्धि दायिनी माँ रेवा की पवित्र भूमि में भगवत्पाद श्री आदि शंकराचार्य जी ने सद्गुरु श्री गोविन्दपाद आचार्य जी की प्राप्ति की थी। मंडन मिश्र और सरस्वती के साथ आचार्य श्री के प्रसिद्ध शास्त्रार्थ की पावन भूमि माहिष्मती नगरी भी इस तट पर विराजमान है, जिसे महेश्वर कहते हैं। पर्यटनशील और विरागवान् जनों के भी चित्त को सहज आकृष्ट करने वाला नर्मदा नैसर्गिक सौंदर्य भी बड़े महत्व की वस्तु है। कपिलधारा, धुआंधार, भेड़ाघाट, धारातीर्थ आदि जल प्रपातों की झांकी झांकने के लिए अगणित यात्रीगण बड़ी उत्कंठा से भ्रमण करते है और अपने चर्म चक्षुओं को सफल करते हुए अमित पुण्य का संचय करते हैं। सुरम्य शैल अमरकंटक की शोभन वनस्थली जो कि नर्मदा जी के उद्गम का पावनतम प्रदेश है। सर्वाधिक तीर्थों का जहां वर्णन ही नहीं दृष्टिगोचर भी है उसे देखकर किसे दिव्यानंदन की प्राप्ति ना होगी ? कवि कुल कमल दिवाकर कालिदास की यही जन्मभूमि है। मेघदूत में उन्होंनें इसे आम्रकूट नाम से वर्णन किया है। सोनभद्र का उद्गम भी यहीं से हुआ। प्राचीन मठ मंदिर आज भी यहां विद्यमान है। नर्मदा जी को गंगा से भी पवित्र माना गया है कहा है कि गंगा भी खुद को पवित्र करने इनकी शरण में आती हैं। नर्मदा जी ही एकमात्र ऐसी नदी हैं जिनका रेवा नाम से पुराण है, अन्य किसी नदी का नहीं है।

गंगा कनखले पुण्या कुरूक्षेत्रे सरस्वती।
ग्रामें वा यदि वारण्ये पुण्या सर्वत्र नर्मदा।।

स्कन्द पुराण में बताया गया है कि कनखल क्षेत्र में गंगा पवित्र है और कुरूक्षेत्र में सरस्वती, लेकिन नर्मदा सर्वत्र पवित्र है।

त्रिभिः सारस्वतं पुण्यं सप्ताहेन तु यामुनम्।
सद्यः पुनाति गाङ्गेयं दर्शनादेव नर्मदा।।

यमुना का जल एक सप्ताह में, सरस्वती का तीन दिन में, गंगा जल उसी दिन और नर्मदा का जल उसी क्षण पवित्र कर देता है।

## नर्मदा परिक्रमा में नर्मदा मैया का अनुभव

माँ नर्मदा विश्व के अकेली ऐसी नदी है जिसकी विधिवत परिक्रमा की जाती है। प्रतिदिन नर्मदा का दर्शन करते हुए उसे सदैव अपनी दाहिनी ओर रखते हुए, उसे पार किए बिना दोनों तटों की पदयात्रा को नर्मदा प्रदक्षिणा या परिक्रमा कहा जाता है। यह परिक्रमा अमरकंटक या ओंकारेश्वर से प्रारम्भ करके नदी के किनारे-किनारे चलते हुए दोनों तटों की पूरी यात्रा के बाद वहीं पर पूरी की जाती है जहाँ से प्रारम्भ की गई थी।

मैनें 24/01/2016 में माँ नर्मदा परिक्रमा शुरू की थी। जब मणिनागेश्वर शिव मंदिर भरूच गुजरात में दर्शन पूजन किया। उसके पूर्व मेरी पत्नी ने कहा यहां मणिधारी नाग के दर्शन हो जाते हैं। वापिसी के समय मणिधारी नाग ने सामने आकर दर्शन दिए। मेरी पत्नी को नाव समुद्र पार करने में डर लगता है रत्नासागर पहुंच कर हनुमान जी से प्रार्थना की, कि मुझे नाव में डर न लगे, हनुमान जी ने प्रेरणा दी कि डर नहीं लगेगा। सुबह 4:00 बजे नाव में एक माई नाँव में बीच में खड़ी हुई उन्होंनें और हमने नर्मदा मैया के भजन गाए, कब समुद्र पार हो गया, पता नहीं चला। भरूच जिलें में उत्तर तट पर गुप्तेश्वर महादेव में से नर्मदा जल टपकता है, यह भी आश्चर्यजनक है। ओम्कारेश्वर के पास कैलाश कुटी आश्रम नाव घाट खेड़ी स्वामी श्री दुर्गानंद गिरी जी महाराज परम विरक्त रूपया को हाथ नहीं लगाते है, उनका दर्शन लाभ मिला। यह भी नर्मदा मैया की कृपा है कि नर्मदा परिक्रमा वासियों को प्रतिदिन भोजन सुलभ हो जाता है।..अटूट रोड़ खंडवा जिला में हमारे भाई साहब का नर्मदा कावेश्वर धाम नाम से आश्रम है, जिसमें नर्मदा परिक्रमा वासियों के भोजन व ठहरने की उत्तम व्यवस्था है।। नर्मदे हर।।

# सामाजिक समारोह-कुछ विसंगतियां

डॉ. खेमराज शर्मा
मेडीकल ऑफिसर
निरामय नर्सिंग होम, भिण्ड
ग्राम भगवासा, जिला-भिण्ड (म.प्र.)

विगत वर्षों में शादी समारोह व अन्य कार्यक्रमों में कुछ ऐसे बदलाव भी आएं हैं जो हमारी ब्राह्मण संस्कृति के अनुकूल नहीं हैं लेकिन देखा देखी उन्हें अपना रहें हैं। पहला बदलाव आया है, शादी तेरहवीं हो या अन्य कार्यक्रम, पंगत को विशाल रूप देना, आज शान का प्रतीक बनता जा रहा है। जो चुनाव लड़ना चाहते हैं वे ऐसा करते हों ऐसा भी नहीं है, अब हर कोई राजनीति से जुड़ रहा है तो अपना प्रभाव दिखाने के लिए यही तरीका सही लगता है। वैसे भी पुराने समय से गाँव में धुंआ बंद करने करने और आस-पास के गांवों की न्यौत का चलन पहले से ही है।और इन भोजों की सच्चाई यह है कि भोज देने वाला 70% खाने वालों को नहीं जानता है। साथ ही खाने वालों को भी खिलाने वाले से और उसकी व्यवस्था से कोई सरोकार नहीं होता है। टेबल की भोजन व्यवस्था तो और भी खराब होती है, लोग झूठी पत्तल के सामने बैठ जाते हैं। सफाई होने तक का इंतजार नहीं करते है। एक व्यवस्था के साथ लोग भोजन करते थे वह रीति अब नहीं रही, बल्कि एक कुरीति पनप गई है जिसमें बदलाव जरूरी है। लोग बुफे सिस्टम में बहुत ज्यादा भोजन रख लेते हैं और कुछ खाकर बाकी फेंक देते हैं। आज कल शादियों में तरह तरह की मिठाईयां, सब्जियां व चाट के स्टॉल लगवाने की प्रतियोगिता शुरू हो गई है इससे खाना बर्बाद होता देखा गया है कि कुछ लोग प्लेट में एक बार में ही सब सब्जियां व मिठाईयां भर लेते है बाद में भरी हुई प्लेटों का खाना फेंक देते हैं जिससे खाने की बरबादी होती हैं।

दूसरा बदलाव लगुन सिस्टम में आया है। पहले लगुन लेकर परिवार और खास रिश्तेदार ही चलते थे और लड़के वाले छोटा सा प्रोगाम कर लेते थे। अब लड़की वाले लगुन लेकर नहीं बल्कि बारात लेकर जाते हैं और दूल्हे की कीमत, कपड़े, पहरावनी, मेवा मिष्ठान, मोटरसाइकिल-कार, पूरे गाजे बाजे के साथ दे आते हैं ।.....गाजे-बाजे इसलिए कहा कि हर्ष फायर करने के लिए बंदूकें, समाज–गैर समाज के 200-250 लोग, फोर व्हीलरों का काफिला, कोई बता नहीं सकता है कि लगुन है या बारात! उनका स्वागत भी बारातियों की तरह होता है, तरह–तरह के व्यंजन और आखिरी में गिफ्ट ! अब इसके बाद, लड़के वाले पीछे तो रहेंगें नहीं। नहले पे दहला न हुआ तो मजा किरकिरा हुआ! ऐसे में लड़के वाले भी बेतहाशा खर्च करके अपनी शान कायम रखते हैं। कभी लगुन में कभी बारात में समाज का लाखों रूपया पानी की तरह बह जाता है।

तीसरा है शादी जैसे पवित्र संस्कार को मजाक बनाना जिसमें लोग मंत्रोच्चारण, हवन और देवी देवताओं के आव्हान पर ध्यान नहीं देते हैं बल्कि इनसे दूरी बनाते जा रहें है। शादी के पहले प्री वेडिंग शूटिंग और वरमाला पर दुल्हन के डांस जैसे कार्यक्रम जो शादी के पहले नहीं होने चाहिए उन पर ध्यान दिया जा रहा है।

शोर शराबा का बढ़ना जिसमें हर्ष फायर, डीजे की कान फाडू आवाज और डांस, बैंड में शराब पीकर फूहड़ डांस, नोटों की गड्डियां उड़ाना, और गाने को लेकर बदतमीजी और मारपीट पर उतर आना ये बहुत होने लगा है।

इन बातों पर अवश्य ही ध्यान ही दिया जाना चाहिए। इसके लिए बुजुर्गों और युवाओं सभी को आगे आना चाहिए। दूसरों की नकल करके हम उन जैसे न बनें और अपने संस्कारों को न भूलें। ब्राह्मण की गरिमा को बनाए रखना हमारा धर्म है।

## महर्षि वशिष्ठ

ज्ञान,योग, तप,त्याग,वैराग्य, धैर्य और क्षमा की मूर्ति वशिष्ठ जी से सभी परिचित हैं। सप्तऋषियों में प्रमुख महर्षि वशिष्ठ को ऋषियों के ऋषि और महर्षियों के महर्षि कहा गया है। आकाश में चमकते हुए सप्त ऋषि तारों में उन्हें स्थान प्राप्त है साथ ही उनकी धर्म पत्नी अरुंधती को भी सप्त ऋषियों के साथ स्थान प्राप्त है। वशिष्ठ जी ऋग्वेद के सातवें मण्डल के दृष्टा ऋषि हैं और योग वशिष्ठ उनकी अद्वितीय कृति है। इसके अतिरिक्त वशिष्ठ संहिता, वशिष्ठ कल्प, वशिष्ठ शिक्षा, वशिष्ठ तंत्र, वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ स्मृति, वशिष्ठ श्राद्ध कल्प जैसे बहुमूल्य ग्रंथ उन्होंने प्रदत किए हैं

वशिष्ठ जी की गौ भक्ति और गौ सेवा सभी के लिए आदर्श रही है। कामधेनु गौ की पुत्री नंदिनी उनके आश्रम में सदा प्रतिष्ठित रही।अनंत शक्ति संपन्न नंदिनी के आशीर्वाद से उन्हें सभी दुर्लभ पदार्थ सुलभ रहते थे। नंदिनी गौ की दिव्यता से मोहित होकर विश्वामित्र ने वशिष्ठ जी से नंदिनी गौ को देने के लिए कहा तो वशिष्ठ जी ने इंकार कर दिया। इन्कार करने पर विश्वामित्र बलात नंदिनी को ले जाने लगे तभी नंदिनी गौ ने अपार सेना उत्पन्न कर दी और विश्वामित्र को सेना सहित परास्त कर दिया। विश्वामित्र को ब्राह्म बल की श्रेष्ठता का अनुभव हुआ और वे ब्राह्म बल की प्राप्ति के लिए तप करने चले गए।
विश्वामित्र ने वशिष्ठ जी के सौ पुत्रों का संहार कर दिया था इस पर भी वशिष्ठ जी ने विश्वामित्र का कोई अनिष्ट नहीं किया था ,उन्होंने क्षमा का भाव बनाए रखा।

वशिष्ठ जी सूर्यवंश के कुलगुरु के रूप में भी जाने जाते हैं और रामायण में उनका वर्णन कई जगह आता है।जब ब्रह्मा जी ने वशिष्ठ जी से सूर्यवंश का पुरोहित बनने के लिए कहा था तो उन्होंने पुरोहित कर्म करने से इंकार कर दिया था लेकिन ब्रह्मा जी के यह समझाने पर कि इस वंश में भगवान स्वयं अवतार लेंगे तो वशिष्ठ जी पुरोहित बनने के लिए तैयार हो गए।उन्होंने अपने बल से सूर्यवंश की हमेशा रक्षा की थी।

पुराणों के अनुसार वशिष्ठ जी ब्रह्मा जी के मानस पुत्र हैं तथा वेदों में उन्हें मित्रावरुण का पुत्र बताया गया है।महर्षि वशिष्ठ की प्रत्येक काल में उपस्थिति के संदर्भ में पौराणिक साहित्य के अध्येताओं का एक मत यह भी है कि ब्रह्मा के पुत्र वशिष्ठ के नाम पर आगे चलकर उनके वंशज भी वशिष्ठ कहलाए। इस तरह 'वशिष्ठ' केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि पद बन गया और विभिन्न युगों में अनेक प्रसिद्ध वशिष्ठ हुए। सर्वप्रथम हुए वशिष्ठ की दो पत्नियां थीं। एक ऋषि कर्दम की कन्या अरुंधती और दूसरी प्रजापति दक्ष की कन्या ऊर्जा। शक्ति,पाराशर,वेद व्यास और शुकदेव ये सभी वशिष्ठ जी की वंश परम्परा में समादृत हैं।

# उपाध्याय गोत्र-एक दृष्टि

**रमेश उपाध्याय**
रिटा. प्रधानाध्यापक
ग्राम चंदहारा, जिला-भिण्ड

ऋषीश्वर ब्राह्मणों में उपाध्याय गोत्र के बंधू विभिन्न स्थानों पर बसे हुए हैं। वास्तव में उपाध्याय एक पद है और इनके गोत्र ऋषि, महर्षि उद्दालक जी हैं। सभी उपाध्यायों का मूल स्थान धौलपुर में कवई था, जहां से सभी उपाध्याय भिन्न-भिन्न जगहों पर विस्तारित हो गए। भिण्ड क्षेत्र में जितने भी उपाध्याय हैं वे मटघैना और भगवासी से निकले हुए हैं। हमारा परिवार भिण्ड जिले के मटघैना से निकलकर गांव बड़ागर और फिर सिमार गांव में बसा था उसके बाद पूर्वज वर्ष 1963 में चन्दहारा गांव में आकर बस गए थे।

ऋषीश्वर समाज का एक गौरवशाली स्थान भिण्ड जिले का उदन्नखेरा है, यहाँ लोग दूर दूर से मुंडन कराने आते हैं। यहां उपाध्याय गोत्र के पूर्वज गाजी उपाध्याय ने धर्म और अस्मिता के लिए धर्मयुद्ध कर बलिदान दिया था। वे योध्दा थे और उनकी स्वयं की सैनिक टुकड़ी थी। उन्होनें काफी युद्ध किये थे। लेकिन वह बाद में साधु हो गये थे और उदन्नखेड़ा आकर तपस्या करने लगे थे। साधु हो जाने के बाद भी उन्होनें धर्मयुद्ध किया था जिसमें वे वीरगति को प्राप्त हो गये थे। इसलिये उन्हें गाजी उपाध्याय कहा जाता है। गाजी का अर्थ धर्म योद्धा होता है। और उस बलिदान के श्रद्धांजलि स्वरूप यह प्रथा भी शुरू हुई कि नये जन्मे बच्चे का मुण्डन संस्कार उदन्नखेरा गांव में उसी बलिदान स्थान पर होते हैं लोग कहीं भी रह रहे हों लेकिन मुंडन कराने उदन्नखेरा ही आते हैं।

प्राचीन काल से ही उपाध्याय एक पद रहा है जो गुरूकुल में वेद शास्त्रों का अध्ययन कराते थे। उपाध्याय गोत्र के बंधुओं ने वैदिक काल से लेकर मध्यकाल के प्रारंभ तक वैदिक शिक्षा का कार्य निरंतर किया था। लेकिन मध्यकाल और ब्रिटिश काल में गुरूकुल व्यवस्था पर हुए कुठाराघात की वजह से वैदिक शिक्षा अनवरत जारी नहीं रह सकी और उपाध्याय ब्राह्मणों को विदेशी साजिशों और हमलों का शिकार होना पड़ा। मध्यकाल में बड़ी संख्या में उपाध्यायों को मौत के घाट उतारा गया और गुरूकुल नष्ट कर दिए। ब्रिटिश काल में भी इन पर अत्याचार हुए और अतंतः अंग्रेजो ने इंडियन एजूकेशन एक्ट 1858 लाकर गुरूकुल बंद कर दिये एवं उपाध्याय पद की मान्यताएं समाप्त कर दीं। उपाध्याय वर्ग का इतिहास बड़ा संघर्षमय रहा है।

ऋषि उद्दालक भारतवर्ष में उपनिषद काल के तत्वदर्शी चिंतनशील मूर्धन्य विद्वानों में गिने जाते है। गौतम गोत्रीय अरूणि ऋषि इनके पिता थे, इसीलिए इनको आरूणि के नाम से भी जाना जाता है। महाभारत में जिन धौम्य ऋषि के द्वारा युधिष्ठिर और द्रोपदी का विवाह संस्कार कराया था वहीं धौम्य ऋषि इनके गुरू थे। उद्दालक ऋषि का आश्रम हिमालय के पूर्व में स्थित था, जिसे कलापग्राम कहते हैं। इनका एक आश्रम उत्तर प्रदेश के गोंडा जिला के ग्राम तिर्रे मनोरमा में भी बताया गया है जहाँ मनोरमा या मनवर नदी का उदगम स्थल हैं। मनवर को सरस्वती नदी का स्वरूप माना जाता है। यहीं पर महर्षि उद्दालक का आश्रम था जहा उन्होंने तप किया था। पास ही मखौड़ा स्थान है जहां श्रृंगी ऋषि ने राजा दशरथ के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ कराया था, इस यज्ञ के लिए ही मनोरमा नदी का अवतरण भी कराया गया था।

महर्षि उद्दालक के पुत्र श्वेतकेतु जो एक तत्वज्ञानी आचार्य थे, जिनका उल्लेख शतपथ ब्राह्मण, छान्दोग्य, बृहदारण्यक आदि उपनिषदों में मिलता है। ऋषि अष्टावक्र जो उद्दालक ऋषि के नाती थे, वे उनकी पुत्री सुजाता और कहोड़ ऋषि के पुत्र थे। अष्टावक्र विदेहराज जनक के गुरु थे।

महर्षि उद्दालक की कथा इस प्रकार है कि द्वापर युग में एक महान ऋषि हुआ करते थे, जिनका नाम महर्षि आयोदधौम्य था, महर्षि धौम्य को ब्रह्मज्ञान था और वह अपने शिष्यों को भी इसका ज्ञान देते थे, महर्षि धौम्य जिस शिष्य पर प्रसन्न हो जाते थे, उसको अपने स्पर्श मात्र से शक्तिपात कर देते थे, उनके शिष्यों में तीन शिष्य प्रधान हुआ करते थे, जिसमें एक पांचाल देश का आरूणि भी शामिल था। आरूणि महर्षि धौम्य का सबसे परम शिष्य था, वह अपने गुरु की हर बात मानता और उसकी पालना करता था। एक बार वर्षा काल समाप्त होने और शरद ऋतु के आगमन का समय था, उस दिन आसमान में काले बादल छा गए थे, महर्षि ने वर्षा का अनुमान जताते हुए अपने परम शिष्य आरूणि को आश्रम के एक खेत की मेड़ बांधने के लिए भेजा, गुरु की आज्ञा पर आरूणि खेत में चला गया और मेड़ बांधने लगा, उसी समय तेज वर्षा होने लगी और वह मेड़ बॉधने में लगा रहा, परन्तु, काफी प्रयत्न के बाद भी वह मेड़ बांधने में सफल नहीं हो पाया, जिसके बाद वह टूटी मेड़ वाली जगह खुद ही लेट गया। जिससे पानी तो रूक गया लेकिन उसका जीवन संकट में आ गया। ठंड और बारिश के कारण आरूणि अचेत हो गया, लेकिन अपनी जगह से नहीं हिला। जब पूरी रात आरूणि वापस नहीं लौटा तो महर्षि धौम्य को चिंता सताने लगी, वह पूरी रात सो नहीं सके। सुबह उन्होनें अन्य शिष्यों से आरूणि के बारे में पूछा तथा इसके बाद गुरुजी अपने शिष्यों के साथ खेत में पहुंचे, महर्षि धौम्य ने देखा कि आरूणि मेड़ के पास अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। अन्य शिष्यों की मदद से वे आरूणि को आश्रम लेकर आए और उपचार किया। जिसके बाद आरूणि सकुशल हो गया, यह देखकर महर्षि धौम्य के आंखो में आंसू आ गए, इसके बाद उन्होनें आरूणि को वरदान दिया कि उसका नाम उद्दालक होगा और उसे समस्त वेद व धर्मशास्त्र का ज्ञान स्वतः हो जायेगा। इसके बाद आरूणि ब्रम्हर्षि बन गए और संसार में विख्यात हुए।

आजकल विद्यालयों में विज्ञान के विद्यार्थियों से प्रयोग कराने के लिए जिन प्रयोगशालाओं का प्रयोग किया जाता है वास्तव में शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार के प्रायोगिक संस्कार की स्थापना करने वाले सबसे पहले वैज्ञानिक ऋषि उद्दालक या आरूणि ही थे। आरूणि के अध्यात्म विचारों का विस्तृत वर्णन छांदोग्य तथा बृहदारण्यक उपनिषदों में मिलता है। वे उपनिषद युग के श्रेष्ठ तत्ववेत्ताओं में मूर्धन्य चिंतक थे। तत्वज्ञान के विषय में आरूणि के सिद्धांत को हम प्रत्ययवादी अद्वैत का नाम दे सकते हैं, क्योंकि इनकी दृष्टि में अद्वैत ही एकमात्र सत् तथा तथ्य है। आरूणि का शंखनाद है 'तत्वमसि' वाक्य यथा मूल तत्व सत् रूप है, असत् नहीं, क्योंकि असत् से किसी भी प्रकार की उत्पत्ति नहीं हो सकती है।

# महिला सशक्तिकरण मेरी दृष्टि में

**श्रीमती सुनील शर्मा**
नायब तहसीलदार, ग्वालियर (म.प्र.)
(पत्नी श्री हरीशंकर शर्मा, भगवासा)

ऋषीश्वर ब्राह्मण दर्पण पत्रिका की ओर से मुझे "महिला सशक्तिकरण' पर अपने विचार और अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके लिए सर्वप्रथम मैं पत्रिका प्रकाशन ग्रुप को धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ। और पत्रिका के माध्यम से मैं आप सब के साथ उपने विचार और अनुभव साझा कर रही हूँ।

महिला सशक्तिकरण के बारे में जानने से पहले हमें यह समझ लेना चाहिए कि महिलाओं के सशक्तिकरण का अर्थ क्या है। सशक्तिकरण से तात्पर्य किसी महिला की उस क्षमता से है जिससे उसमें यह योग्यता आ जाती है कि वह अपने परिवार के निर्णयों में सहभागी बन सके, जीवन व परिवार से जुड़े निर्णय स्वयं ले सके अथवा उसमें सहभागिता निभा सके, साथ ही परिवार एवं समाज में एक स्वाभिमान पूर्वक जीवन जी सके।

चूँकि मैं एक महिला हूं और महिलाओं के बारे में जानती हूँ कि वे गृहस्थ धर्म के पालन में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देती हैं। लेकिन आज की नारी इससे अधिक योगदान देना चाहती है, और अपने परिवार के सर्वांगीण विकास में सहभागी बनना चाहती हैं। महिलाओं में निर्णय लेने की क्षमता का विकास तभी संभव है जब हम इसकी शुरूआत बचपन से ही अपने घर से करें क्यों कि एक बेहतर शिक्षा की शुरूआत घर से ही संभव है। यदि माता पिता अपने पुत्र की ही भांति पुत्री को भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर विकल्प चुनने का अवसर दें तो निश्चित ही एक महिला के शिक्षित होने से एक अच्छे परिवार के साथ-साथ एक अच्छे, समाज की नींव रखी जा सकती है। चूंकि एक महिला दो परिवारों के बीच की धुरी होती है इसलिए एक महिला के सुशिक्षित एवं सशक्त होने से दो परिवारों का विकास होता है।

मैं अपनी बात करूँ तो मेरी दादी एवं माता-पिता ने हम सभी भाई बहनों की शिक्षा के लिए अथक प्रयास किए। जिससे हम सभी भाई-बहन अपने मन मुताबिक शिक्षा प्राप्त कर सकें। मैं रसायन शास्त्र में एमएससी हूँ। एमएससी फाइनल ईयर के एग्जाम खत्म होने के पांचवे दिन मेरा विवाह हो गया, लेकिन विवाह के पश्चात् मेरे ससुर जी, सासु माँ एवं मेरे जीवन साथी को जब यह ज्ञात हुआ कि मैं शिक्षा के साथ-साथ प्रशासनिक क्षेत्र में भी कदम बढ़ाना चाहती हूँ तो उनका भरपूर सहयोग ओर प्रेरणा मिली। और इस सब का परिणाम आज आपके समक्ष है कि वर्तमान में मैं नायब तहसीलदार पद पर कार्यरत हूँ। मैं एक जिम्मेदार गृहिणी का किरदार निभाते हुए एक प्रशासनिक पद के कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हूँ। मेरा बेटा आई.आई.टी. दिल्ली में बी.टेक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत है। यह सब मेरे दोनों परिवारों की देन है।

वर्तमान परिवेश में प्रायः यह देखने में आ रहा है कि हमारी बेटियों की सोच यह है कि जब तक वह पढ़ लिखकर आत्मनिर्भर नहीं हो जाती तब तक वैवाहिक बंधन में नहीं बंधेगी। क्योंकि विवाह के बाद यह सब सम्भव नहीं है। ऐसी सोच को मैं सिरे से नकारती हूँ क्योंकि शिक्षा किसी उम्र या बंधन की मोहताज नहीं है बस आपके अन्तर्मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा जीवित रहना चाहिए।

मेरा बेटियों से अनुरोध है कि खूब पढ़े लिखें और सभी से करबद्ध निवेदन है कि आप अपने परिवार में बेटियों एवं बहुओं को शिक्षा के बेहतर विकल्प चुनने का अवसर दें। जिससे वे शिक्षित होकर एवं सशक्त बनकर एक अच्छे परिवार के साथ एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण कर सके।

भारतीय संस्कृति में क्या खूब कहा गया है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवता' अर्थात जहाँ नारी की पूजा की जाती है, उसका सम्मान किया जाता है, वहाँ देवताओं का वास होता है। इस प्रतिष्ठा व सम्मान से पूजित नारी का यह ध्यान रखना होगा कि कहीं हम सशक्तिकरण का गलत अर्थ अर्थात् अभिमान से अभिभूत हो, अपने मूल उद्देश्य परिवार एवं समाज निर्माण की राह से तो विचलित नहीं हो रहे? शक्तिस्वरूपा नारी के पास क्षमा भी है, पीड़ा के साथ धैर्यता भी है, सृजन के साथ संहारक क्षमता भी है तथा माता के साथ सम्पूर्ण नाता भी है। तभी तो कहा गया है–

नारी तुम मात्र जग में महान हो, सृष्टि के विकास की पहचान हो
तुम ही आदि अंत की विधान, तुम ही ईश्वर का बड़ा वरदान हो।

अतः महिला सशक्तिकरण से अभिप्राय यह कतई नहीं है कि हम उच्छृंखल हो जाएं ओर अपनी मर्यादा और संस्कारों को भूल जाएं। हमे तो ईश्वर ने ही कोमल हृदया एवं ममतामयी बनाया है, ये हमारे मूलभूत गुण हैं। हमें तो अपने इन्हीं गुणों के साथ सुशिक्षित होकर सशक्त बनकर अपने परिवार एवं समाज में महती भूमिका निभानी है। यदि हमारा समाज अपनी बेटियों और बहुओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत रहेगा, तो निश्चित ही एक दिन ऐसा आएगा जब हमारी बेटियाँ और हमारी बहुएँ एक अच्छे परिवार, अच्छे समाज के साथ-साथ एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगी। अंत में नारी के प्रति इन पंक्तियों के साथ शुभ संदेश

'तू शक्ति है, तू भक्ति है, अभिव्यक्ति है।
अनुरक्ति है, आसक्ति है, शिव शक्ति है ।।
'तू विरक्ति का विग्रह जगजीवन की शक्ति है।
'नारी तू जग में महान, माँ दुर्गा की शक्ति है ।।

---

## विचारणीय तथ्य

महात्मा गांधी के अनुसार 'अच्छी पुस्तकें पास होने पर हमें भले मित्रों की कमी नहीं खटकती।' जीवन में अच्छी पुस्तकों को संग्रह अवश्य करना चाहिये जिससे परिवार में स्वाध्याय की परंपरा सदा बनी रहे। जिन परिवारो में ज्ञानार्जन का क्रम पीढ़ियों से चलता आ रहा है, वहीं पर ऋषि, देवतुल्य महात्मा व विद्वान पुरूष बनते हैं। जहाँ उत्तम पुस्तकें होती हैं वहां मानो मूक, किन्तु ज्ञान के साक्षात देवता निवास करते हैं। जो व्यक्ति अपने आने वाली पीढ़ी के लिये उत्तम पुस्तकों का संग्रह तथा अध्ययन परंपरा छोड़ जाते हैं, वे धन्य हैं तथा देवतुल्य हैं।

# परिचय – श्री हरिशंकर शर्मा

## हरीशंकर शर्मा

रिटा. सीनियर लेक्चरर
शिक्षा विभाग राजस्थान
ग्राम गढ़ी बैरू जिला हाथरस
हाल निवास ग्वालियर


मैं धौलपुर (राजस्थान) में डाइट संस्था में सीनियर लेक्चरर के पद से वर्ष 2009 में सेवा निवृत हुआ था। उसके बाद से ग्वालियर में बैंक कॉलोनी में निवास कर रहा हूं। मेरा गोत्र गौतम है। जिला हाथरस में ग्राम गढ़ी बैरु मेरा पैतृक गांव है। दिवंगत पूज्य पिताजी एवं चाचा जी से मुझे जो जानकारी मिली थी, उसके अनुसार हमारे पूर्वज सन् 1857 के आसपास गांव चंदहारा (जिला भिण्ड) से मथुरा वृंदावन की ओर प्रस्थान कर गए थे। उस समय चूहों की वजह से प्लेग महामारी फैल गई थी। 1857 की क्रांति का असर भी सभी जगह फैल रहा था। वृन्दावन में रहकार हमारे परदादा स्व. श्री देवीराम वेदाध्ययन तथा शास्त्रों का अनुशीलन करते थे, उनका काफी सम्मान था। जाट समुदाय के लोग उनका विशेष सम्मान करते थे। उन्हीं में से कुछ प्रतिष्ठित लोगों ने हमारे परिवारों के निवास के लिए एक स्थान चुना, जो छत्ता का टीला कहलाता था, और जमीनें भी दी थी, यह स्थान हमारे गाँव गढ़ी बैरु (जो वर्तमान में है) से आधा किलोमीटर दूर था। लेकिन यहाँ एक जाट समुदाय की महिला के सती हो जाने पर वह स्थान छोड़कर सभी लोग गढ़ी बैरु, गढ़ी हरिया, गढ़ उमराव व नगला जगराम में आ गए। कुछ लोग वृन्दावन में शास्त्रों का अध्ययन करने लगे थे। खेती 200 बीघा से अधिक थी और अंग्रेजों ने माल गुजारी वसूल करने का कार्य भी दिया था। लेकिन पूर्वजों को अध्ययनशीलता अधिक पंसद थी। इसलिए बाद में आधी जमीनें जाटों को ही वापस कर दीं थीं।

गढ़ी बैरु में 3 परिवार थे और गढ़ी हरिया में 2 परिवार थे। उनमें से कुछ लोग वर्तमान में मुरैना में निवास कर रहे हैं। गढ़ उमराव में पंडित कोक सिंह एवं पंडित नत्थीलाल के दो परिवार थे। पंडित कोकसिंह के पुत्र हरीशंकर अलीगढ़ में बस गए हैं। इन्होंने सेना में सर्विस की है। नगला जगराम में 3 परिवार थे। इनमें श्री चंद पचौरी और पंडित टीकाराम दो भाई अभी हैं। जलालपुर एवं रामगढ़ी वालों से नगला जगराम वालों की रिश्तेदारी है। रामगढ़ी में श्री चन्द्र जी के बड़े सुपुत्र भगवान सिंह की ससुराल है। हमारे बाबा चार भाई थे पं. कल्याण जी, पं. सालिगराम जी, श्री चतुर्भुज शर्मा एवं श्री कन्हैया जी। पं. कल्याण जी और पं. सालिगराम जी प्रधानाध्यापक रहे थे। श्री चतुर्भुज जी नैनी जेल में आरक्षक पद पर कार्यरत थे लेकिन वहाँ से स्वास्थ्य खराब होने की दशा में घर आ गए थे और बाद में नागा महात्मा हो गये थे, उनका सन्यासी नाम था महंत किशन दास। विवाह भी हुआ था लेकिन पत्नी शुरु में ही चल बसी थी। वे नागा संप्रदाय के सन्यासी हो गए थे और मुरैना जिले के तीन स्थानों परीक्षित पुरा, रूपहाटी और कुम्हरपुरा में महंत भी रहे थे। चौथे बाबा श्री कन्हैया जी कृपक थे।

मेरे पिताजी स्व. श्री लक्ष्मीनारायण जी तीन भाई थे, पिताजी बिसावर इंटर कालेज में लेक्चरर थे और सामाजिक जागृति के लिए निरंतर प्रयास करते रहते थे। वर्ष 1954 में धौलपुर में समाज का एक बड़ा सम्मेलन हुआ था। उसमें उनका अथक प्रयास था। मेरे चाचा स्व. श्री रामेश्वर प्रसाद जी हिंदी व चित्रकला के लेक्चरर थे और इंटर कॉलेज पटलोनी (मथुरा) में प्रभारी प्राचार्य रहे थे। इनके चार लड़के हैं, सबसे बड़े नीरज शर्मा डायमंड कंपनी, राजकोट में हैं। श्यामसुंदर शर्मा रीजनल मैनेजर बजाज ऑटो, प्रेमनारायण शर्मा स्टेट हेड फाइनेंस कंपनी और डॉ. भुवनेश शर्मा असि. प्रोफेसर सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी पूना में है। इनके भी निवास ग्वालियर में ही हैं। एक और चाचा स्व. श्री जगदीश प्रसाद जी कृषक थे। हम दो भाई हैं, मैं डाइट संस्था धौलपुर से सीनियर लेक्चरर पद से सेवा निवृत्त होकर ग्वालियर निवास कर रहा हूं। मेरे भाई बृजमोहन बिसावर कॉलेज में एलडीसी पद पर कार्यरत हैं। और गांव में ही निवास करते हैं। मेरा पुत्र आलोक Alembic मेडिसिन कंपनी में बड़ौदा में जूनियर सांइटिस्ट हैं।

मेरे गांव में दो परिवार हैं एक परिवार गिरीश भारद्वाज का है जो लोलकी से गया था उनके चार लड़के हैं एक पुलिस इंस्पेक्टर, एक सेना में है, एक कोचिंग संस्थान में और एक पुलिस में हैं। गिरीश के दो भाई हैं एक सुरेश जो अविवाहित हैं। और दूसरे महेश भारद्वाज जो कृषक हैं और उनका एक लड़का पुलिस में है दूसरा अभी स्कूली शिक्षा में है। एक परिवार मूंगाराम जी का है जो सिकरौदा से गया था उनके दो लड़के रामशंकर हेल्थ ऑफीसर और एक आदिराम जो प्राइवेट स्कूल में शिक्षक है। नगला जगराम में जो लोग हैं वे पचौरी गोत्र के हैं।

## ब्रह्मवादिनी सुलभा

राजा जनक के राज्य में ब्रह्मवादिनी सुलभा निवास करती थीं। उन्होंने शास्त्रार्थ में राजा जनक को भी पराजित कर दिया था। उन्होंने सुन रखा था कि जनक को अपने ज्ञान का अहंकार हो गया है और वे अपना परिचय देते हुए, समय-समय पर आत्मश्लाघा व्यक्त करते हैं और विनम्रता का ध्यान नहीं रखते। सुलभा जब उनके दरबार में पहुंची तो परिचय पूछे जाने पर वे मौन रहीं और राजा से ही अपना परिचय देने को कहा। राजा जनक ने स्वभाव अनुसार अपने परिचय में आत्मश्लाघा का परिचय दिया। बाद में जनक ने सुलभा से अपना परिचय देने को कहा- सुलभा कहतीं हैं

साहं तस्मिन कुले जाता, भर्तायत सतमद विधे
विनीता मोक्ष मार्गेषु, चरक्येकां मुनि व्रतम।'

अर्थ- हे राजन, मैं ऐसे कुल में पैदा हुई जहाँ मुझे मेरे समान योग्यता का वर ही इस धरती पर उपलब्ध न हुआ। अतः विनम्र भाव से मोक्ष के मार्ग पर एकाकिनी ही मुनि व्रत का अनुसरण कर रही हूँ।

उसके पश्चात सुलभा ने जनक से शास्त्रार्थ किया।

हे राजन, आपकी अत्यंत कीर्ति सुनकर मैं यहाँ आयी और विचारों की भ्रान्ति दूर कर योग्य मार्ग दिखलाने में यहाँ आयी हूँ। मैं भले के लिये कहती हूँ कि स्वपक्ष-समर्थन तथा परपक्ष-खण्डन की प्रवृत्ति बतलाती है कि अभी स्वपक्षमें आग्रह है। जहाँ एक ही आत्मतत्त्व है, वहाँ स्व और पर कहाँ ? कहाँ पक्ष और कहाँ विपक्षी ? तुम उसी आत्मतत्त्वमें स्थित होकर इस आग्रह से उपरत हो जाओ।' महाभारत शान्तिपर्व में जनक - सुलभा संवाद दिया गया है। सुलभा ने वाणी के आठ गुणों और आठ दोषों का वर्णन करते हुए, जनक को उपदेश दिया था। जनक ने सुलभा के उपदेशों को आत्मसात किया और वाणी के दोषों को दूर किया था।

# शिक्षा और संस्कार-जीवन के आधार

**श्रीमती दिव्या शर्मा**
मीडिया कॉर्डिनेटर
राष्ट्रीय सेविका समिति, दिल्ली
(पत्नी इंजी श्री कौशल शर्मा)

यह सत्य है कि बच्चों के संस्कार उसके खुद के जीवन के लिए ही नहीं बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए दिशा और दशा तय करते हैं। माता-पिता ही बच्चे के प्रथम गुरू हैं उनकी दी हुई शिक्षा और संस्कार ही बच्चे का व्यक्तित्व बनाते हैं। बच्चों में ज्यादातर संस्कार उनके माता-पिता से आते हैं लेकिन इन्हें विकसित करने में माता-पिता के साथ-साथ बुजुर्गों की भी बहुत बड़ी भूमिका होती है। एकल परिवार वाले माता-पिता को आज के समय में अधिक ध्यान रखना पड़ता है क्योंकि संयुक्त परिवार में दादा-दादी और अन्य लोग भी बच्चों का ध्यान रखते थे।

वर्तमान में शिक्षा केवल धन कमाने की योग्यता तक सीमित हो गई है और मानवीय मूल्यों का पतन हुआ है। यह किसी भी दृष्टि से सही नहीं है। माता-पिता के लिये बच्चों की पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ उनके साथियों की संगत, खेलकूद, परिवार के प्रति जिम्मेदारी, पूजा-उपासना, साफ-सफाई की आदत जैसी हर छोटी बड़ी चीज पर ध्यान देना आवश्यक होता है। इस उम्र में जो भी आदतें और संस्कार बन जाते हैं वे जीवन भर साथ रहते हैं। बढ़ती उम्र में बच्चे को पढ़ाई, कैरियर और सफलता की चिंता होने लगती है। इस समय बच्चे को मार्गदर्शन की जरूरत होती है। वे पढ़ाई में एकाग्र हो सकें इसके लिए नियमित दिनचर्या, पौष्टिक आहार और खेलकूद के साथ-साथ योग, आसन, मंत्रोच्चारण और उपासना के बारे में भी बताना चाहियें। जिनसे वे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ सांस्कृतिक रूप से भी जागरूक बने रहे। बच्चों को अपनी सनातन संस्कृति और गौरवशाली इतिहास के बारे में भी बताना चाहिए और घर में हवन पूजन जैसे कार्यक्रमों में शामिल होने की आदत सिखानी चाहिये। ऐसी क्रियाएं बच्चों का व्यक्तित्व निखारने में और ऊर्जावान बने रहने में सहायक होती हैं। साथ ही हिन्दी अंग्रेजी के साथ संस्कृत भाषा सीखने के लिए बच्चों को प्रेरित करना चाहिए, कम से कम 10 श्लोक प्रत्येक बच्चे को याद होना चाहिए। और जब भी समय मिले तो धर्मग्रन्थों को पढ़ने या उनकी बातों को अवश्य सुनाना चाहिये।

यह भी जरूरी है कि बच्चों के मन में दया, प्रेम और सहयोग की भावना विकसित हो। बच्चों को समय-समय पर बड़े बुजुर्गों की सहायता करने के लिए प्रेरित करना चाहिये। उन्हें अपने दादा-दादी, चाचा-चाची व अन्य परिवार के लोगों से सम्पर्क में आने का अवसर देना चाहिए। बच्चों को नैतिकता का मतलब समझाना भी आवश्यक है, नैतिकता मतलब यह कि अपने जीवन को किस प्रकार से सुव्यवस्थित कर सके कि वह अपने सम्पर्क में आने वालों के प्रति एक अच्छा व्यवहार कर सके। प्रकृति के सानिध्य में भी बच्चों को अवश्य ले जाना चाहिए। पेड़ पौधों का सानिध्य और वृक्षारोपण जैसे कार्य बच्चों को सकारात्मक सोच देते है।

बच्चों को बोलने की कला भी सिखानी चाहिए। विचार कितने भी अच्छे क्यों न हों उन्हें बोलकर ही सामने वाले पर असर डाला जा सकता है। इसलिए किसी से भी बात करते वक्त अच्छे शब्दों का उच्चारण करना आना चाहिए। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए माता-पिता को भी यह ध्यान रखना अत्यन्त आवश्यक है कि घर का माहौल सकारात्मक हो, बच्चों के साथ मित्रता का माहौल बनाकर रखें। प्रयार करें कि बच्चे कोई भी बात छिपाएं नहीं। घर में माता-पिता बच्चों के सामने किसी भी प्रकार का लड़ाई झगड़ा या वाद विवाद ना करें, क्योंकि इसका भी असर बच्चों के मानसिक विकास पर पड़ता है। और माता-पिता के सबसे जरूरी है एक ऐसी समय सारणी तैयार करना, जिसमें बच्चों के अध्ययन, खेलकूद, व्यायाम, ध्यान, योग, पूजा, आसन, पौष्टिक आहार सभी चीजों का समावेश उनकी उम्र के अनुसार हो। लेकिन इसके साथ ही यह ध्यान भी रखना चाहिए कि माता-पिता द्वारा उन पर इच्छाएं थोपीं न जाएं, बच्चों का स्वाभाविक विकास हो और उनकी प्रतिभा निखर जाए।

## विचारणीय तथ्य

- अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड नायक परम परमात्मा की सृष्टि का सर्वोच्च सौन्दर्य बालक ही है।
- बाल देह जाग्रत देवताओं का मंदिर है जहाँ तैंतीस देवताओं के साथ परमात्मा का अमृत अंश विराजता है। जिस देश, समाज या जाति के बालकों का पोषण तथा शिक्षण विधिवत नहीं किया जाता वह देश, समाज या जाति ऊँचा नहीं उठ सकता।
- माँ बनने के पहले प्रत्येक नारी को, देश के भावी कर्णधारों के पालन पोषण का शास्त्रोक्त ज्ञान होना चाहिये।
- गर्भकाल में नारी को प्रसन्नचित, संयमित तथा सत्संग में रहना चाहिये, इसका शिशु पर अच्छा प्रभाव पड़ता है।
- छोटे बच्चों के सामने उनके अभिभावकों को झूठ नहीं बोलना चाहिये, गंदी गाली नहीं देना चाहिये तथा नशा नहीं करना चाहिये।
- बच्चों में अनुकरण की प्रवृत्ति होती है इसलिये उनके सामने वाणी, स्वभाव तथा आचार का संयम रखा जाना चाहिये।
- बच्चों को राष्ट्रभक्ति, वीर, रस, ईश्वर भक्ति तथा चरित्र निर्माण की बातचीत तथा कहानियां सुनानी चाहिये।
- बालकों का शिक्षण इस प्रकार हो कि उनमें सदाचार, भक्ति, विनम्रता, सहनशीलता व साहस का समावेश हो।

# परिचय – श्री परमानंद शर्मा

## परमानंद शर्मा

रिटा.प्रशासनिक अधिकारी (केन्द्रीय सेवा)
ग्राम बावरीपुरा, जिला-मुरैना
हाल न्यू दर्पण कॉलोनी, ग्वालियर


मैं ग्राम बावरी पुरा जिला मुरैना का निवासी हूं और मेरा गोत्र बढ़ेले है ,हम तीन भाई हैं।बड़े भाई आदरणीय रामकुमार शर्मा जी एनटीपीसी में जनरल मैनेजर से रिटायर्ड होकर नोएडा निवास कर रहे हैं।उनके एक पुत्र है जो एनटीपीसी में ही जीएम है। मेरे दो पुत्र हैं बड़ा चेतन मोजरबियर पॉवर प्रोजेक्ट, अनूपपुर में एजीएम है और छोटा संदीप सिस्को कंपनी में सीनियर मैनेजर है। मैं ग्वालियर निवास करता हूं।मुझसे छोटे भाई महेश शर्मा हैं वे भी मेरे साथ होटल मैनेजमेंट में सेवारत रहे थे अब रिटायर्ड हो गए हैं और ग्वालियर निवास करते हैं।उनके दो पुत्र हैं एक सीनियर इंजीनियर करलोन कंपनी मालनपुर में है और दूसरा सहायक प्रबंधक (वित्त) दैनिक भास्कर कार्यालय,ग्वालियर में है।

मेरी माध्यमिक शिक्षा गांव में ही हुई और आगे की पढ़ाई के लिये वर्ष 1964 में भाई साहब के पास ग्वालियर आ गया और बीए द्वितीय तक ग्वालियर ही पढ़ा था ।उसी समय 1964 में भाई साहब का चयन महालेखाकार ग्वालियर में हुआ था। वर्ष 1969-70 में उनकी पोस्टिंग बी.एच.ई.एल.भोपाल में स्थानीय ऑडिट में हुई। तब मैं भी भोपाल चला गया और वहां से एम.ए. तक की पढ़ाई की।इसी बीच सन् 1971 में मध्यप्रदेश शासन में द्वितीय श्रेणी लिपिकों की भर्ती हुई और उस लिस्ट में मेरा चयन हो गया। मुझे आई.टी.आई. भोपाल में आंवटित किया गया। वर्ष 1972 में सेवा में आते ही समाज सेवा का भाव मुझमें भी जागृत हुआ। उसी समय बी.एच.ई.एल. नवयुवक मनोरंजन क्लब का गठन हुआ और मुझे साहित्य सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। और साथ-साथ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी में मनोनीत किया गया। मैंने आई.टी.आई. कर्मचारियों की समस्या को लेकर विधानसभा पर पर धरना भी दिया था।

वर्ष 1975 में आई.टी.आई. ग्वालियर में स्थानान्तरण हुआ था। सामाजिक रुचि के चलते मेरे पास जो भी अपने बन्धु एवं युवा वर्ग कुछ भी कार्य लेकर आते थे उसे बड़े उत्साह से करता था।वर्ष 1978 में मेरा स्थानान्तरण भिण्ड आई.टी.आई. में हो गया था। वहां भी समाज के लिए मेरे द्वारा जो सहयोग बनता उसे अवश्य करता था। वर्ष 1979 में जब महिला आईटीआई ग्वालियर में स्थापित हुई तो मेरी पोस्टिंग वहां हो गई। सन् 1986 में केन्द्र शासन ने फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट स्थापित की, जिसमें प्रतिनियुक्ति पर मेरा संस्था के लिये चयन हो गया। इस संस्था को भारत सरकार द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एवं न्यूट्रीशियन में अपग्रेड किया और उसी में मेरी पोस्टिंग भी हो गई।मैंने देखा कि जॉब ओरियन्टेड कोर्स उक्त संस्था में चलाये जायेंगे तब मैने अपने समाज के कई बालक-बालिकाओं को प्रवेश के लिये प्रोत्साहित किया। हमारे समाज के लिये यह नयी टेक्नोलॉजी थी इसलिए एक-दो बालकों ने ही एडमिशन लिया और जॉब भी उन्हें मिली। मेरे संस्थान में डिग्री कोर्स के साथ कम्प्यूटर विषय के लिये लेक्चर की आवश्यकता थी। अतः संस्थान ने भर्ती हेतु आवेदन मंगाए और साक्षात्कार के समय सूची मेरे पास आयी तो उसमें एक ऋषीश्वर नाम भी था। तदोपरान्त मैनें उन्हें तुरन्त बुलाया और जो भी मदद हो सकती थी वह की थी। मैं जहां भी रहा समाज के लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता था।

ग्वालियर में उस समय एक संगठन अखिल भारतीय ऋषीश्वर ब्राह्मण संघ नाम से श्री केदारनाथ चतुर्वेदी की अध्यक्षता में चल रहा था। श्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा, खांद का पुरा वाले समिति के सचिव थे,कुछ समय बाद उनका देहांत हो गया था। एक पत्रिका निकालने का हम लोगों ने प्लान बनाया था लेकिन अर्थाभाव के कारण छोटी पत्रिका ऋषि चिंतन वर्ष 1981 में प्रकाशित की थी। उसमें मेरा भी सहयोग रहा था। वर्ष 1994-95 में अखिल भारतीय ऋशीश्वर ब्राह्मण सेवा संघ में श्री रमेश शर्मा चंदहारा वाले अध्यक्ष मनोनीत किये गये और श्री नरेन्द्र शर्मा सचिव थे ,मैं उसमें कोषाध्यक्ष था। हमने भू-खण्ड के लिये बहुत प्रयास किये किन्तु सफलता प्राप्त नहीं हुई क्योंकि समिति को विधिवत चलाने के लिये चुनाव की प्रक्रिया पूरी करना थी। चुनाव के लिये आम सभा भी की गयी लेकिन आपत्तियों के चलते अध्यक्ष पद हेतु विवाद हो गया।उसके बाद हम लोगों ने स्वंय की धनराशि से एक बड़ी पत्रिका का 2002 में प्रकाशन किया था। जिसमें विभिन्न स्थानों से परिवार परिचय दिए गए थे।उसके बाद काफी समय तक काम नहीं चल सका था।

वर्ष 2013 में एक संगठन ऋषीश्वर ब्राह्मण समिति ग्वालियर रजिस्टर्ड हुई। इसमें श्री शिवदयाल जी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया था और मुख्य भूमिका श्री जवाहर लाल शर्मा और श्री जगमोहन दीक्षित फूप ने निभाई थी। बाद में किसी कारणवश श्री शिवदयाल चतुर्वेदी ने कार्यभार छोड़ने की इच्छा जाहिर की तो श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं मुझे सलाहकार मनोनीत किया। उनके समय में समाज की छात्र छात्राओं के लिये प्रतिभा सम्मान समारोह किया गया जिसे समाज में काफी सराहा गया। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में बड़े भ्राताश्री ने सी.बी.एस.ई. के 10वीं और 12वीं के तीन तीन छात्रों को नगद राशि पुरुस्कार भी प्रदान किए थे।यह कार्यक्रम 4 वर्ष तक नियमित चला लेकिन कोरोना के समय बंद हो गया।

उसके बाद समाज के कुछ सदस्यों ने विचार किया कि भूखंड क्रय करने के लिए कुछ करना चाहिए। इस पर अमल करते हुए वर्ष 2018 में एक ट्रस्ट रजिस्टर्ड किया गया एवं श्री अशोक भारद्वाज उसके अध्यक्ष मनोनीत हुये जिसमें मैं उपाध्यक्ष हूँ। वर्तमान में ट्रस्ट के द्वारा समाज के लिये भू-खण्ड क्रय कर लिया गया है, शीघ्र ही वहां निर्माण कार्य शुरू होना है।

ग्वालियर हमेशा से समाज का बड़ा केंद्र रहा है लेकिन यहां सामाजिक संगठन निरंतर प्रगतिशील नहीं रह सके हैं यह चिंता का विषय है। अभी बहुत कुछ किया जाना आवश्यक है।

## परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह-आज की जरूरत


**अनिल शर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार, राज एक्सप्रेस
ग्राम सिरमौर का पुरा, जिला-मुरैना
वर्तमान निवास, ग्वालियर


ऋषीश्वर ब्राह्मण समाज आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के परचम लहरा रहा है । समाज के बच्चे, शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। आई.आई.टी. एवं नीट सहित तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं में हमारे समाज के होनहार बच्चों ने सफलता की नई इबारत लिखी है । व्यवसाय के क्षेत्र में भी ऋषीश्वर समाज के युवाओं ने कदम बढ़ा दिए हैं, लेकिन इसे विचित्र विडम्बना ही कहेंगे कि समाज के भीतर कुंवारे लड़को की एक लम्बी कतार हो गई है। एक ओर जहां उच्च शिक्षित हाई पैकेज वाला वर्ग समाज से दूर जा रहा है। वहीं सरकारी और ठीक ठाक नौकरी वाले लड़कों की डिमांड ऊंची है । सामान्य नौकरी अथवा व्यवसाय करने वाले युवाओं के समक्ष विवाह का संकट खड़ा हो रहा है वे लड़की वालों की निगाह में नहीं है। नौकरी और शहर में मकान वाले लड़कों की केवल पूछ है। इससे समाज का संतुलन काफी हद तक गड़बड़ा गया है । यह कहें कि आज यह समाज की सबसे बड़ी समस्या के रूप ले रहा है, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

वैवाहिक परिचय सम्मेलन इस समस्या को कम करने में योगदान दे सकते हैं । अन्य समाजों में तो परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन वर्षों से हो रहे हैं, लेकिन इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे कि बौद्धिक रूप से अधिक समृद्ध होने के बाद भी इस मुहिम की हम शुरूआत नहीं कर सके हैं । अत्यंत उच्च स्तर पर सफलता अर्जित करने वाले युवकों को लगता है कि उनके योग्य जीवन साथी समाज में नहीं है। परिचय सम्मेलन से परिचय बढ़ेगा तो बाहर जाने वाले युवा समाज से जीवन साथी खोज लेंगे। सरकारी नौकरी या अच्छे पैकेज वालों के यहां शादी संबंधों की कतार लग जाती हैं, लेकिन उनके भाव ऊंचे हैं । सामान्य युवकों की जानकारी का अभाव होने की वजह से ऐसे युवकों का विवाह का इंतजार लंबा होता चला जाता है, यही वजह है कि समाज में 35 वर्ष से भी अधिक उम्र के अविवाहित युवकों की संख्या बढ़ती चली जा रही है।

परिचय सम्मेलन होने से वर-वधु दोनों पक्षों को एक मंच पर जानकारी उपलब्ध हो जाएगी, जिससे सामान्य परिवारों को वर वधू चयन में सुविधा मिल सकेगी ।

सभी माँ-बाप का सपना होता है कि उनके बच्चों की शादी धूमधाम से हो। समाज में भौतिक सम्पन्नता बढ़ने से मंहगी शादियों का चलन बढ़ा है, जिससे सामान्य वर्ग पर भी दबाव बढ़ा है। मैरिज गार्डन, शानदार बुफे, बैंडबाजे, डीजे, आतिशबाजी और अनके प्रकार की भव्यता देखकर समाज के सामान्य वर्ग के लोग भी इसी तरह के इंतजाम करने लगे हैं , जिससे वे कर्ज के बोझ से दब रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या कोई ऐसा उपाय है कि समाज के सामान्य वर्ग के बच्चों की शादी में भव्य समारोह में हो जाए और उन्हें किसी से कर्ज न लेना पड़े, इसके लिए सामूहिक विवाह समारोह बेहतरीन विकल्प है, जिसमें समाज के सभी लोग मिलकर अपने बच्चों का विवाह करें। समाज के अन्य वर्गों में यह प्रचलन वर्षो से चल रहा है, लेकिन ऋषीश्वर समाज की बात करें तो अभी हम परिचय सम्मेलन की दिशा में शुरूआत नहीं कर सकें हैं, जबकि सामूहिक विवाह का मार्ग भी वहीं से खुलेगा। लेकिन अब समय आ गया है कि ऋषीश्वर समाज को भी परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह समारोह पर विचार करना होगा, ऐसा करना समाज के गरीब एवं सामान्य वर्ग के लिए एक उपकार होगा, क्योंकि कड़वा है पर सच है कि बेटियों के विवाह को धूमधाम से करने के लिए आज भी हमारे कई ऋषीश्वर बंधु कर्ज के बोझ तले दबकर तनावपूर्ण जीवन जीने को मजबूर हैं। समाज का एक वर्ग जब मानसिक त्रासदी झेल रहा हो तो समाज को पूरी तरह उन्नत नहीं कहा जा सकता है । हम व्यक्तिगत विकास कितना भी कर लें लेकिन जब तक समग्र समाज विकास नहीं करेगा तक तक हमारा विकास अधूरा है । इसलिए वैवाहिक परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह पर विचार करना समय की आवश्यकता है।

### विचारणीय तथ्य

लड़की की शादी के लिए सरकारी नौकरी वाले वर की चाहत, सभी की पहली पसंद हो गई है। भले ही लड़के में कोई अवगुण हों, लेकिन सरकारी नौकरी के आगे अवगुण छिप जाते हैं।.... चाहे शहरी हो या ग्रामीण बंधू, आँख मूंदकर, सभी अपनी बेटी सरकारी नौकरी वाले को ब्याहना चाहते हैं। और इसके लिए लोग मुँहमाँगा देने को तैयार होते हैं, चाहे कर्ज लेना पड़े। प्राइवेट जॉब वाले और व्यावसायिक क्षेत्र के लड़के भी समाज में काफी हैं और इनमें से अधिकांश शिक्षा, आमदनी और रहन सहन की दृष्टि से काफी बेहतर स्थिति में हैं। लेकिन लोगों का ध्यान इनकी ओर नहीं जा रहा है। इनमें से कई लोग तो ऐसे हैं जो, बहुत कम समय में ही समृद्धि हासिल कर लेते हैं, जिसे पाना सरकारी नौकरी के लिए आसान नहीं होता है और रही बात किसान परिवारों की, इन्हें तो विकास की धारा से बाहर ही माना जाता है। कृषि को व्यवसाय के रूप में, जब तक हम नहीं अपनाएँगे, तब तक सामाजिक और आर्थिक विकास अधूरा है। लोगों के पास अच्छी खेती है फिर भी नौकरी ही करना चाहते हैं।.... यह एक सामाजिक विडंबना भी है कि, कृषि क्षेत्र में काम कर रहे युवाओं को भले ही वे कितने ही सफल हों, संभवतः ग्रामीण रहन सहन के कारण भी योग्य वर के रूप में प्राथमिकता नहीं दी जाती है।.... लेकिन उच्च शिक्षित युवा वर्ग इस ओर ध्यान दें तो अर्थव्यवस्था और लिविंग स्टैण्डर्ड दोनों क्षेत्रों में सुधार हो सकता है। और सम्पूर्ण समाज को इसमें दूरदर्शिता दिखानी चाहिए। समाज में व्यापारिक पृष्ठभूमि नहीं रही है और अभी भी लोगों में व्यवसाय के प्रति हिचक है। लेकिन व्यवसाय जम जाए तो अगली पीढ़ी के भी आर्थिक विकास की गारंटी है। बस जोखिम उठाने की जरूरत है।

## परिचय-चौधरी राजेन्द्र प्रसाद दीक्षित

**चौधरी राजेन्द्र प्रसाद**
अध्यक्ष शासी निकाय
ऋषीश्वर कॉलेज, फूप, जिला-भिण्ड

जगा(पटिया) के अभिलेख अनुसार दीक्षित गोत्र के दो खेरे दिखनारो और माट बताए गए हैं जो मथुरा और धौलपुर राज्य में थे। मुस्लिम आक्रमण से परिस्थितियां बिगड़ने पर 11वीं सदी में विस्थापन किया गया और मुरैना क्षेत्र के सिहोनियां (तत्कालीन सुहानियां) में आकर बस गए थे। सिहोनियाँ काफी समृद्ध एवं सांस्कृतिक स्थान था और चंबल के इस पार होने के कारण इस्लामिक आक्रमण से सुरक्षित भी था। लेकिन जब वहां इस्लामिक आक्रमण का खतरा बढ़ गया तो दीक्षित बंधुओं ने पुनः विस्थापन करना उचित समझा और भिण्ड क्षेत्र के एनो गांव में निवास करने लगे। वर्ष 1385 (सम्वत 1442) में चक्रपान दीक्षित के साथ सभी बंधुओं ने एनो भी छोड़ दिया और भिण्ड क्षेत्र के फूप गांव में बस गए थे। दीक्षित गोत्र के बंधू शिक्षित,संपन्न और प्रतिष्ठित रहे हैं। फूप के बाहर जहां कहीं भी दीक्षित बंधू निवास करते हैं वे सभी फूप से ही निकलकर गए हुए हैं।

जगा(पटिया) से प्राप्त जानकारी के अनुसार हमारे पिताजी के दादा चौ.मूलचंद जी पांच भाई थे, चौ.परमेश्वर जी, चौ.आशाराम जी, चौ.तुलारामजी, चौ.मेघराम जी और स्वयं चौ.मूलचंद जी। आशाराम जी और तुलाराम जी का विवाह नहीं हुआ था और परमेश्वर जी का वंश तीसरी पीढ़ी पर बंद हो गया था। चौ.मूलचंद जी का व्यक्तित्व बहुत प्रभावशाली था,उन्हें ग्वालियर स्टेट ने 40 गांव का चौधरी बनाया था और लगान वसूली का अधिकार दिया था। उनकी छत्री भी फूप में बनी हुई है। उनके जो चार पुत्र हुए वे चौ.बेनीराम, चौ.घासीराम, चौ.टीकाराम और चौधरी गजाधर जी थे। चौधरी घासीराम समाज सेवा में काफी अग्रणी थे और चौधरी पद का उत्तरदायित्व भी संभालते थे।चौधरी गजाधर जी मेरे दादा थे जो प्रसिद्ध समाजसेवी थे और वर्ष 1913 में निर्मित पहले ऋषीश्वर सामाजिक संगठन के अध्यक्ष भी रहे थे।चौधरी गजाधर जी की दो संतान थीं,पहले चौधरी विश्वनाथ जिनका वंश नहीं चला और दूसरे मेरे पिताजी स्व.चौधरी विनायक राम जी थे।मेरे पिताजी समाज सेवी व्यक्तित्व थे और उन्होंने लगभग 30 बीघा जमीन, फूप मेन रोड पर चंद्रशेखर आजाद हायर सेकेण्डरी स्कूल के लिए दान की थी। उसी जगह पर चौधरी स्व.मूलचंद जी की छत्री बनी हुई है। मैं अपने पिताजी की इकलौती संतान हूं। लगभग 20 वर्ष से ऋषी[illegible] कॉलेज फूप का शासी निकाय अध्यक्ष हूं।

मेरे दो पुत्र चौधरी अनुराग और चौधरी शिवराग हैं और एक पु[illegible] मोनिका है।बड़ा पुत्र अनुराग फूप नगर पंचायत में वार्ड नं 2 [illegible] पार्षद है, साथ ही डरबन पाली में क्रेशर प्लांट और ग्वालियर [illegible] ट्रांसपोर्ट का कार्य देखता है और छोटा पुत्र यूपीएससी की तैया[illegible] कर रहा है।पुत्री कु.मोनिका एमएससी कर रही है। मेरी 4 बहनें [illegible] 2 मुझसे बड़ी और 2 मुझसे छोटी है । ग्वालियर डीडी नगर में मे[illegible] स्वयं का निवास है।

चौधरी स्व.मूलचंद जी के छोटे भाई मेघराम जी थे उनके भी दो पुत्र हुए चौ.रघुवीर जी और चौधरी डालचंद जी। चौध[illegible] डालचंद जी भी प्रसिद्ध समाजसेवी थे, वे और चौधरी गजाधर ज[illegible] दोनों ने मिलकर समाजसेवा के काफी कार्य किए थे। दोनों [illegible] समाज में भ्रमण करते रहते थे। चौधरी डालचंद के भाई रघुवीर क[illegible] कोई वंश नहीं चला था।चौधरी डालचंद जी के तीन पुत्र चौ.प्रता[illegible] सिंह, चौ.उजागर और चौ.गोपाल राव थे। चौधरी प्रतापसिंह [illegible] चार पुत्र स्व.चौ.गोविन्दराव माड़के,स्व.सरनाम मास्टर साहब, स्व.श्रीकृष्ण जी और स्व.विद्यासागर जी थे।

चौधरी गोविंद राव माड़के भी ऋषीश्वर कॉलेज फूप में शासी निकाय अध्यक्ष रहे थे । इन सभी के परिवार फूप औ[illegible] ग्वालियर अन्य स्थानों पर निवास कर रहे हैं। गोपालराव जी क[illegible] वंश नहीं बढ़ा था और उजागर जी के दो पुत्र कहीं बाहर जाक[illegible] बस गए हैं।दीक्षित गोत्र के बंधू जहां कहीं भी हों लेकिन उनक[illegible] मूल स्थान फूप ही है।

### सोलह संस्कार

गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तो जातकर्म च।
नामक्रिया निष्क्रमोऽन्नप्राशनं वपनक्रिया।
कर्णवेधो व्रतादेशो वेदारम्भक्रियाविधिः।
केशान्तः स्नानमुद्वाहो विवाहाग्निपरिग्रहः।
त्रेताग्निसंग्रहचैव संस्काराः षोडशस्मृताः।

(1) गर्भाधान संस्कार, (2) पुंसवन संस्कार, (3) सीमन्तोन्नयन संस्कार, (4) जातकर्म संस्कार, (5) नामकरण संस्कार, (6) निष्क्रमण संस्कार, (7) अन्नप्राशन संस्कार, (8) मुंडन संस्कार, (9) कर्णवेधन संस्कार, (10) विद्यारंभ संस्कार, (11) उपनयन संस्कार, (12) वेदारंभ संस्कार, (13) केशांत संस्कार, (14) समावर्तन संस्कार, (15) विवाह संस्कार और (16) अन्त्येष्टि संस्कार।

## परिचय-श्री देवेन्द्र दीक्षित

**देवेन्द्र दीक्षित एडवोकेट**
जिला न्यायालय, भिण्ड
संयोजक ऋषीश्वर ब्राह्मण दर्पण
निवास : भिण्ड

मैं देवेन्द्र दीक्षित एडवोकेट ग्राम सिमार तहसील मेहगांव का निवासी हूं।लगभग 150 वर्ष पहले हमारे पूर्वज धर्मपाल दीक्षित फूप से सिमार आए थे,उनके पुत्र सीताराम दीक्षित हुए थे। सीताराम दीक्षित के पुत्र मुरलीधर दीक्षित हुए थे।और मुरलीधर के दो संतान स्व.गेंदालाल दीक्षित और स्व. अयोध्या प्रसाद हुए थे।गेंदालाल जी मेरे दादा थे एवं अयोध्या प्रसाद का विवाह नहीं हुआ था।गेंदालाल दीक्षित के दो पुत्र हुए एक भीमसेन दीक्षित जिन्होंने सेना में सिग्नल कोर में सेवाएं दीं हैं।उनके कोई संतान नहीं हुई। इनसें छोटे भाई मेरे पिताजी स्व.डॉ.राम सहाय दीक्षित थे।वे परिवार के साथ साथ समाज के भी गौरव थे। वे समाज के पहले एमबीबीएस डॉक्टर थे। प्रारंभ में उन्होंने सेना में आर्मी मेडिकल कोर में सेवाएं प्रदान की थीं।उसके बाद स्वास्थ्य विभाग मध्यप्रदेश में सेवाएं दीं।मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों जगह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पद पर कार्यरत रहे थे। हम चार भाई बहन अपनी माता पिता की संतान हैं। मेरे एक पुत्र नितिन दीक्षित है,जिसका होलसेल मेडिसीन का व्यवसाय है और एक पुत्री विनीता हैं, दोनों का ही विवाह हो चुका है।मेरे दो पौत्र सम्राट दीक्षित और विठ्ठल दीक्षित हैं।मुझसे छोटे भाई सत्यकांत दीक्षित का भिण्ड में मेडिकल स्टोर है। उनके एक पुत्र आदित्य दीक्षित जो बी.फार्मा अध्ययनरत है और पुत्री प्रिया है जिसका विवाह हो गया है।मेरी माताजी का भी देहांत हो गया है,वे बिरधनपुरा से भारद्वाज गोत्र की थीं।वर्तमान में हमारा निवास स्थान भिण्ड शहर में है।

## परिचय-श्री रामअवतार शर्मा

**रामअवतार शर्मा**
सेवा निवृत प्राचार्य
अम्बाह, जिला-मुरैना

मैं रामअवतार शर्मा राजस्थान शिक्षा विभाग से सेवा निवृत प्राचार्य हूं और वर्तमान में अम्बाह में निवास कर रहा हूं। मूल ग्राम जगमोहन पुरा जिला धौलपुर है और मेरा गोत्र दीक्षित है।मेरा एक ही पुत्र आनंद है जो जिला अस्पताल भिण्ड में पुरुष स्टाफ नर्स है।आनंद के भी दो छोटे बच्चे तेजस्वी और चिरंजीव हैं। हमारे परदादा के पूर्वज स्व.खेमराज जी वर्ष 1868 (संवत 1925) में ग्राम फूप-जिला भिण्ड से जगमोहन पुरा आकर बस गए थे। उनके चार पुत्र बृखभान, लालाराम, छतू और घनश्याम हुए थे। जिसमें लालाराम और छतू का वंश नहीं चला था। सबसे छोटे पुत्र घनश्याम का परिवार चांद का पुरा जिला मुरैना पहुंच गया था। सबसे बड़े पुत्र बृखभान के भी चार पुत्र हुए थे।बलदेव मुरलीधर, लोंगी और गुमान इन चारों में बलदेव और मुरलीधर की ही संतति आगे बढ़ी थी। बलदेव के दो पुत्र जंगजीत और तेजपाल हुए और मुरलीधर के पुत्र बिहारी हुए। तेजपाल के द्वारिका प्रसाद और रामरतन दो पुत्र हुए।स्व.द्वारिका प्रसाद मेरे पिताजी थे। उनके भाई रामरतन की भी संतान नहीं थी।मेरे पिताजी की चार संतान हुई,सबसे बड़े मंगल प्रसाद, महावीर प्रसाद, ओमप्रकाश और मैं स्वयं राम अवतार सबसे छोटा हूं। ऊपर बताए अनुसार बलदेव के दूसरे लड़के मुरलीधर के जो पुत्र बिहारी थे उनके तीन पुत्र माफल ,भोगी और रामचरण हुए थे। माफल के चार लड़के जोधा, शिवनारायण, बाबू और सिद्दार थे और भोगी के मोहर सिंह और लक्ष्मण थे। मुझसे बड़े भाई ओमप्रकाश के कोई संतान नहीं थी और उनसे बड़े महावीर प्रसाद के राजेश और बद्री दो लड़के हैं एवं सबसे बड़े भाई मंगल प्रसाद के एक ही लड़का दिनेश है। और जो परिवार चांद का पुरा पहुंच गया था उनमें देवीराम और कृपाराम का परिवार निवास कर रहा है।देवीराम के तीन लड़के और कृपाराम के दो लड़के हैं।चांद का पुरा में एक ही दीक्षित परिवार है। फूप के बाहर जितने भी दीक्षित हैं वे फूप के ही मूल वासी हैं।

माता च पार्वती गौरी पिता देवो महेश्वरः। भ्रातारो मानवाः सर्वे स्वदेशो भुवनत्रयम ॥ -
विश्वजननी पार्वती गौरी मेरी माता हैं, विश्वपिता महेश्वर मेरे पिता
हैं, सकल मनुष्यमात्र मेरे भ्राता हैं एवं तीनो भुवन
(स्वर्ग, मर्त्य, पाताल) मेरा अपना देश हैं।

# ऋषीश्वर ब्राह्मण : गौरवपूर्ण अतीत से सुनहरे भविष्य की ओर

## पंडित नरसी प्रसाद शर्मा

सेवा नि.राजस्व निरीक्षक
ग्राम जामगढ़, जिला-रायसेन
हाल: बरेली, जिला-रायसेन


हमारे समाज का गौरवपूर्ण अतीत रहा है। यह हमारे पूर्वजों के त्याग, तपस्या, परिश्रम और संघर्षशीलता का परिणाम है। सुनहरे इतिहास के पृष्ठों में प्रत्येक पीढी अपना योगदान देती रही है। कई पीढियों से हम देश के कई भूभागों में पहुंचे और हमे विरासत में मिली स्वाभिमान और साहस के साथ श्रम की प्रवृत्ति ने प्रत्येक स्थान पर हमें विशिष्ट स्थान दिलाया है।

नासिक से प्रारंभ हुई समाज की यात्रा का सबसे बडा पडाव चंबल नदी के आसपास रहा है और इसे अपना 'देस' मानते हैं। यहां तो समाज के कई नर्रत्नों की आभा बिखरती रही है, साथ ही राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बुंदेलखंड, महाकौशल, मालवा तथा भोपाल क्षेत्र के जामगढ में समाज के लोगों ने अपने कार्यो से एक अलग ही पहचान बनाई है। अब हमें इस बात का भी गर्व है कि हमारी नई पीढी देश के नएनए स्थानों पर नएनए क्षेत्रों में अपनी योग्यता के झंडे गाड रही है।

किंतु यहां यह भी कहना चाहेंगे कि अतीत कितना ही अच्छा हो, वह अच्छे भविष्य को सुनिश्चित नहीं करता। अतीत से प्रेरणा लेकर वर्तमान के सुविचारित कदम सुनहरे भविष्य का आधार होते हैं। एक प्रबुद्ध समाज को उपदेश की आवश्यकता तो नहीं रहती, लेकिन तीन सूत्रों के रूप में मैं अपनी बात पूरी करूंगा।

1. अपनी समाज के गौरवपूर्ण इतिहास से स्वयं परिचित रहें और परिजनों तथा स्वसमाज को भी कराएं।

2. अपनी पूर्ववर्ती पीढी के विकास की परंपरा को आगे बढाएं। याद रखें कि हमे जो विरासत मिली है, उससे और अधिक वृद्धि करके अगली पीढी को सौंपना है। यहां विरासत को केवल धनूसंपत्ति के अर्थ में न लेकर शिक्षा, संस्कार और योग्यता जैसे अर्थो में लिया जाना चाहिए।

3. समाज के प्रति सदैव सकारात्मक भावना रखें और अपने संपर्क क्षेत्र में सभी में ऐसी भावना विकसित करने का सदैव प्रयास करते रहें।

सदियों पहले पचौरी और मुदगल गोत्र खरकौली गांव राजस्थान में निवास करते थे। धौलपुर में संवत 1360 में हिंदू मुस्लिम झगड़े में 500 मुसलमान मारा गया और 150 ऋषीश्वर ब्राह्मण हताहत हुए थे।कुछ पचौरी वहां से संवत 1600 में चंदूखेड़ा गांव भोपाल में आए थे जहां संवत 1802 तक रहे। वहां से संवत 1942 में वीलखेड़ी अब्दुल्लागंज आकर रहे जो संवत 1956 तक रहे फिर वीलखेड़ी से संवत 1956 में श्री टीकाराम पचौरी जी एवं श्री हीरालाल पचौरी जी जामगण आये थे। इन पूर्वजों के हम वंशज हैं।मैं पंडित नरसी प्रसाद पचौरी और मेरे छोटे भाई पंडित कमल किशोर पचौरी दोनों भाइयों का परिवार वर्तमान में बरेली निवासरत हैं।

जामगढ़ में निवासरत 16 गोत्र के बंधुओं के 83 परिवार निवासरत हैं। याज्ञवल्क्य(जोशी) 8, पचौरी 3, ढमोले 3,शांडिल्य (सड़वारिया) 5, जोशी 20, मुदगल 3, बढेले 2, पाराशर 13, दीक्षित 4, चौबे 1, तिवारी 2, उपाध्याय 3, भारद्वाज 5, कांकोरिया 2, विरथरिया 8, और गौतम 1 परिवार निवासरत हैं। जामगढ़ के ये मूल निवासी परिवार जामगढ़ सहित बरेली, खरगोन, कुंडाली और भोपाल में भी निवासरत हैं।

जामगढ़, रामायणकाल और महाभारतकाल का महत्वपूर्ण प्राचीन स्थल है।यह स्थान जामवंत जी की निवास स्थली के कारण जामगढ़ कहलाया।यहां स्थित श्री ऋषीश्वर संस्कृत पाठशाला देश की स्वतंत्रता के पूर्व से ही संस्कृत विद्वानों को तैयार करने में अपना योगदान देती रही है।जामगढ क्षेत्र की धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र रहा है।जामगढ में शिक्षा के क्षेत्र में समाज का स्तर क्षेत्र में पहले क्रम पर रहा है।

जक्षद्गुरु स्वामी स्वरूपानंद जी सरस्वती, भारत के सर्वोच्च पद पर पहुंचे डॉ शंकरदयाल शर्मा, महान जैन संत विद्यासागर जी महाराज सहित अनेक विशिष्ट विभूतियों के अभिनंदन का सौभाग्य जामगढ को मिलता रहा है।

## महर्षि वेदव्यास

महर्षि वेदव्यासजी महानब कवि, लेखक तथा तत्वदर्शी ज्ञानी हैं उन्हें चिरंजीवी माना जाता है। प्रत्येक द्वापर युग में वेदों का विभाजन वेद व्यास ही करते हैं।वर्तमान में वैवस्वत मनवंतर चल रहा है,इसी के 28 वें द्वापर में वेदव्यास जी ने चारों वेदों का विभाजन किया था।वेद व्यास जी का वास्तविक नाम कृष्ण द्वैपायन है,वे पाराशर ऋषि और माता सत्यवती के पुत्र हैं। परम ज्ञानी शुकदेव जी वेद व्यास जी के पुत्र थे जो कम आयु में ब्रह्मलीन हो गए थे।

सतयुग से लेकर द्वापर के अंत तक वेदों की ऋचाएं, मौखिक रूप से ही गुरु शिष्य परम्परा द्वारा अस्तित्व में रहती हैं। लेकिन वेद व्यास जी ऋचाओं को क्रमबद्ध किया और शिष्य पेल को ऋग्वेद, वैशंपायन को यजुर्वेद, जेमिनी को सामवेद, और सुमंतु को अथर्ववेद पढ़ाया था। इसके अलावा वेदव्यास जी ने 'जय' नाम से महाभारत काव्य की रचना भगवान गणेश जी के सहयोग से की थी।महाभारत में ही सनातन संस्कृति की उत्कृष्ट धरोहर श्रीमदभगवत गीता भी है। इसके साथ ही यह भी मान्यता है कि 18 पुराणों की रचना भी वेदव्यास जी ने की थी और अपने शिष्य लोमहर्षण यानी सूतजी को पुराणों के प्रचार का कार्य सौंपा था। सूतजी नेमिषारण्य में अठासी हजार ऋषियों को पुराणों की कथाएं सुनाते थे।

# सामाजिक समस्याएं और निदान

**नरेन्द्र कुमार शर्मा**

उप संचालक (वित्त), ग्वालियर
ग्राम खांद का पुरा, जिला-मुरैना


ऋषीश्वर ब्राह्मण दर्पण पत्रिका के संयोजक एवं योगदान करने वाले बन्धुओं को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित करता हूं। इस पत्रिका से सुदूर क्षेत्रों में निवासरत ऋषीश्वर बन्धुओ को निश्चित ही लाभ होगा। विशेषकर युवाओं को विभिन्न सामाजिक जानकारी एवं सूचनाएं प्राप्त होने से समाज से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। परिचय का दायरा बढ़ने से सामाजिक कुरीतियों व समस्याओं की वर्तमान स्थिति एवं उनके निदान पर भी विचार विमर्श का अवसर प्राप्त होगा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि बालिकाओं को समान अवसर व सुविधायें मिलें और उन्हें भी समाज व राष्ट्र की मुख्य धारा मे शामिल होने का अवसर प्राप्त हो। क्योंकि बालिकाओं की शिक्षा से ही परिवार, समाज व राष्ट्र का विकास संभव है।यद्यपि वर्तमान मे हमारे समाज की कुछ बालिकायें शिक्षा के क्षेत्र में बालकों के समान ही अपने ज्ञान, विवेक, कौशल एवं आत्मविश्वास से आत्मनिर्भर बनकर समाज व राष्ट्र के विकास मे अपना योगदान दे रही हैं। कला, संस्कृति, खेल-कूद, आध्यात्म, राजनीति सभी क्षेत्रों में बालिकाओं का प्रभाव बढ़ रहा है।

आज समाज में स्त्री पुरुष लिंगानुपात में काफी अन्तर दिखाई दे रहा है जो चिन्ता का विषय है। अनुमान लगाया गया है कि समाज में स्त्री पुरुष अनुपात 70 और 100 का रह गया है। यानी 30 लड़के अविवाहित ही रह जायेंगे। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में कई युवाओं एवं उनके परिजनों के सामने उनके विवाह का संकट स्पष्ट दिखाई दे रहा है। साथ ही जानकारी के अभाव में या अन्य किसी कारण से प्रतिवर्ष अन्य जातियों में होने वाले विवाहों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है।समाज के बुद्धिजीवियों को इस समस्या पर विचार करना चाहिए कि अन्य जातियों में पलायन की बजाय अन्य ब्राह्मण उपवर्गों में विवाह संबंध बनाने के रास्ते खोलना बेहतर रहेगा। युवा वर्ग को इस संबंध में जागरूक करना जरूरी है कि वे शादी संबंध के लिए मेलजोल बढ़ाने में सावधानी बरतें और अच्छी समझ विकसित करें।अपने समाज में परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह सम्मेलन भी समय की मांग है।इससे समय, श्रम व धन की भी बचत हो सकेगी। चूंकि अपना अधिकांश समाज कृषि पर आधारित है तथा हमारी आर्थिक स्थिति सामान्य ही है ऐसे में विवाह समारोह एवं मृत्यु भोज आदि पर अत्यधिक खर्च बुद्धिमानी नहीं है। बचत करके वह धन शिक्षा के क्षेत्र में लगाना चाहिए क्योंकि कृषि भूमि अब अधिक भरोसेमंद साधन नहीं रही है।पढ़ लिखकर अन्य सेवाएं या व्यवसाय आदि अपनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

आज के प्रतिस्पर्धा के युग में आर्थिक सम्पन्नता अति आवश्यक है। यदि पब्लिक या प्राइवेट सेक्टर में रोजगार नहीं मिलता है तो स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बना जाए यह भी आवश्यक कदम होगा।परम्परागत कृषि के स्थान पर आधुनिक कृषि जैसे सब्जी, औषधियुक्त फसल, फलों फूलो के उत्पादन पर ध्यान देना होगा। पशुपालन और दुग्ध से तैयार किये जाने वाले उत्पाद भी अच्छा विकल्प है। लघु एवं कुटीर उद्योगो का विकास जैसे विभिन्न प्रकार के आटे बेसन, मेहंदी मसालों आदि को तैयार कर उनकी पैकेजिंग आदि पर भी विचार किया जा सकता है। उपरोक्त कार्य में शासन की विभिन्न योजनाओं का भी लाभ लिया जा सकता है। यानी सर्वप्रथम शिक्षा प्राप्त करना और उसके बाद रोजगार के अवसर हर हालत में प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक हो गया है।अन्यथा खेती निरंतर कम और कम लाभ देने वाली होती चली जायेगी और हालात बेहद खराब होते जायेंगे।

## मंत्र दृष्टा ऋषि विश्ववारा

ऋग्वेद के पंचम मंडल के 37 वें सूक्त से लेकर 40 वें तक, और 85वें तथा 86 वें सूक्त के समूचे मन्त्रों के दृष्टा ऋषि अत्रि थे। अथर्ववेद में भी अत्रि दृष्ट मन्त्रों की प्रधानता है। अत्रि के जगत प्रसिद्ध तीन पुत्रों के नाम हैं सोम, दुर्वासा और दत्तात्रेय। तीनो पुत्र योगीकुल शिरोमणि थे। वे समस्त ऋद्धि-सिद्धियों के स्वामी होने पर भी उनके सामने वेदमंत्र प्रगट नहीं हुए थे, अर्थात वे लोग मन्त्रदृष्टा नहीं थे, मगर अत्रि मुनि की दो कन्याएं थी विश्ववारा और अपाला - दोनो ही मन्त्रदृष्टा ऋषि थीं।

एक हिन्दू के लिये वेदमन्त्रों को प्रत्यक्ष अपनी आंखो के सामने देखनेवाले ऋषिगणों का स्थान सर्वोच्च होता है। ऋग्वेद में सैकड़ों सूक्त है, उन सूक्तों के मन्त्र ऋषि भी बहुत से हैं। मगर उनमें से महिला ऋषि संख्या में सिर्फ सात ही हैं, जैसे अगस्त्य- पत्नी लोपामुद्रा, अत्रि कन्याएं विश्ववारा और अपाला, कक्षीवान ऋषि की कन्याएं घोषा, सूर्या, इन्द्राणी एवं अम्भृन ऋषि की कन्या वाक।

नर्मदा किनारे एक जगह है 'हथनी संगम'। इसी के दुर्गम अरण्य में विश्ववारा ने कठोर तपस्या की थी। उस तपस्या के दौरान ही किसी प्राचीन अतीत में,विश्ववारा की दृष्टि के सामने हिरण्यमय आकाश को भेद कर प्रगट हुए थे ऋग्वेद के पंचम मंडल के 28वें सूक्त से छः मन्त्र। उनके द्वारा देखे गए मन्त्रों के देवता अग्नि हैं।। भयानक दुर्गम अरण्य में बैठ कर दृढ़तम एवं एकाग्रचित्त निष्ठा से एक नारी ने उग्रतम तपस्या की थी यह रोमांचित करता है।उनके द्वारा दृष्ट प्रथम मंत्र है।

ॐ समिद्धो अग्निदिवि शोचिरश्रेतब प्रत्यंङ्समुर्विया विभाति।
एति प्राची विश्ववारा नामोभिर्देवाँ ईलाना हविषा घृताची ॥

अर्थात ऋषि विश्ववारा अनुभव करती हैं कि अलौकिक योगाग्नि या यज्ञाग्नि की उज्वल छटा आकाश में विस्तार लाभ कर रही है और ज्ञानमयी ऊषा के अभ्युदय के लिये क्षेत्र प्रस्तुत कर रही हैं, विश्ववारा पूरब दिशा की ओर मुंह फेर कर देवताओं की स्तुति करती हुई, अपने हाथ मैं आहुति का पात्र लेकर ब्रह्माग्नि के संग मिलन के लिये जा रही हैं।

# परिचय : सलखनी एवं मुक्ताखेड़ा

## शिवकुमार शर्मा

सेवा नि.पुलिस इंस्पेक्टर
सलखनी, जिला–छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मैं शिवकुमार शर्मा गोत्र जोशी ,पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर पद से सेवा निवृत होकर ग्राम सलखनी जिला छिंदवाड़ा में निवास कर रहा हूं। मेरी पत्नी ग्राम बिलंदा से हैं और उनका गोत्र चितोरिया है। पूर्वजों द्वारा दी गई जानकारी तथा किवदंतियों के अुसार छिंदवाडा जिले में ऋषीश्वर ब्राह्मण समाज प्रारंभ में तो राजस्थान से विस्थापित होकर आया था, बाद में भिण्ड मुरैना क्षेत्रों से भी आना हुआ था।

जगा के मुताबिक छिंदवाड़ा के गांवों में निवास करने वाले ऋषीश्वर पहले राजस्थान के सिद्धलपुर क्षेत्र में रह रहे थे। लेकिन मुस्लिम आक्रांताओं का प्रभाव वहां बढ़ा तो सिद्धलपुर से विस्थापित हो गए थे। पूर्वजों की जानकारी के अनुसार हम सभी आदि गौड़ ब्राह्मण हैं और वशिष्ठ ऋषि की संतान हैं । छिंदवाडा में विभिन्न गोत्र के बंधुजन निवास करते हैं जो लगभग 45 गांवों में विस्तारित हैं,लेकिन मुख्य केंद्र चौरई है। छींद के वृक्षों की अधिकता के कारण इस जगह का नाम छिंदवाड़ा पड़ा था । यहां वर्ष 1853 तक मराठों का राज्य रहा था उसके बाद अंग्रेजों के हाथ में चला गया था। 1956 के पहले यह नागपुर जिले का हिस्सा था। ऋषीश्वर समाज का उपगोत्र 'देशमुख' मराठों के समय ही प्रचलन में आया था ,देशमुख मराठा साम्राज्य की एक उपाधि थी जो लगान वसूली के लिए प्रदान की जाती थीं।

छिंदवाडा जिले में हमारा समाज मुख्य रूप से खेती बाड़ी पर ही निर्भर रहा है। लेकिन जैसे जैसे शिक्षा का प्रसार होता गया तो लोग अच्छी अच्छी सर्विस में पहुंचने लगे थे। छिंदवाड़ा समाज से श्री नन्द किशोर जी आबकारी आयुक्त पद पर कार्यरत रहे जो पिपरिया गांव से थे।श्री विनोद शर्मा जी नवोदय विद्यालय प्रबंधन में डायरेक्टर रहे हैं। श्री संतोष शर्मा जी निदेशक सर्वे ऑफ इंडिया रहे हैं और उनके सुपुत्र श्री अभिसार शर्मा एबीपी न्यूज चैनल में एंकर रहे हैं। इसके अलावा शासकीय सेवा और बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में काफी लोग अच्छे पदों पर कार्य कर रहे हैं।

छिंदवाड़ा ऋषीश्वर समाज द्वारा आदि गौड़ ऋषीश्वर ब्राह्मण सम्मेलन वर्ष 2013- 2014 में आयोजित कराया गया था।इस सम्मेलन में भगवान परशुराम की प्रतिमा का शिलान्यास भी किया गया था जो ग्राम गुरैया में हुआ था । ग्राम गुरैया में यह भव्य मंदिर वर्ष 2022 में बनकर तैयार हो गया है। सम्मेलन के लिए और मंदिर निर्माण हेतु समाज के सभी बंधुओं ने योगदान दिया था।समाज के ही जनपद सदस्य श्री गजमोहन शर्मा , श्री शिवकुमार शर्मा का इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान रहा था। छिंदवाडा समाज के शादी संबंध जामगढ़, सागर, गुना, विदिशा, भिंड, मुरैना, उन्नाव आदि में निवासरत ऋषीश्वर समाज से होते रहें हैं।

## दिनेश कुमार शर्मा

सरपंच ग्राम मुक्ताखेड़ा
जिला–विदिशा

मैं दिनेश कुमार शर्मा ग्राम मुक्ताखेड़ा तहसील लटेरी जिला विदिशा का सरपंच हूं और वर्तमान में विकास खंड लटेरी जिला विदिशा के सरपंच संघ का अध्यक्ष भी हूं।साथ ही अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा विदिशा का अध्यक्ष भी हूं। मेरा गोत्र बिरथरिया है और हमारे पूर्वज 12 वीं सदी में धौलपुर के बिरथरे खेरा से निकलकर भिण्ड जिले के चपरा गांव में आकर बसे थे।कुछ समय पश्चात चपरा से भी निकल आए और गुना जिले के कुसमान गांव में निवास किया था। यहां कुछ वर्ष बिताने के बाद बिरथरिया गोत्र के लोग बमौरी पहुंचे थे और वहां से हमारे परिवार सहित कुछ लोग बमौरी से निकलकर मुक्ताखेडा आ गए थे ।बमौरी में 20 - 25 परिवार अभी भी निवास कर रहे हैं। मेरे गांव में लगभग 20 घर बिरथरिया गोत्र के और एक घर भाईलपुरिया गोत्र का है।

मेरे पिताजी स्व.श्री मिश्रीलाल जी दो भाई थे ।उनके बड़े भाई श्री प्रेमनारायण जी के 5 पुत्र हैं जो मुक्ताखेड़ा में ही निवास करते हैं। मेरे पिताजी और ताऊजी का जीवन प्रेरणादायक रहा वे जीवन पर्यन्त साथ रहे । कभी अलग नहीं हुये भाई-भाई का प्रेम समाज में उदाहरण रहा । पिताजी का निधन 08 जुलाई 2019 को हुआ था । ताऊजी उस दुख को सहन नहीं कर सकें और एक वर्ष में 08 जुलाई 2020 को उनका भी निधन हो गया था । मेरी ससुराल मार की मऊ में गौतम गोत्र में है और मेरे दो पुत्र व एक पुत्री हैं।
मेरे परिवार में राजनैतिक विद्वेषवश दो बार डकैती भी पड़ चुकी है पहली बार वर्ष 1976 में पड़ी थी और दूसरी बार वर्ष 1994 में डकैती पड़ी जिसमें मेरे ताऊजी के लडके रामस्वरूप डकैतों से लड़ते-लड़ते वीरगति को प्राप्त हो गये ।इन सबका कारण हमारी बढ़ती लोकप्रियता और विद्वेष ही था। लेकिन हमनें कभी हार नहीं मानी और राजनैतिक के साथ साथ सामाजिक गतिविधियों में भी अपना वर्चस्व बनाए रखा।यही कारण है कि वर्ष 2005 से वर्तमान तक(एक कार्यकाल छोड़कर) निरंतर सरपंच पद बनाए हुए हैं और सरपंच संघ लटेरी की अध्यक्षता भी हासिल की है। गुना और विदिशा जिले के ऋषीश्वर समाज में निरंतर संपर्क भी बना हुआ है। इस क्षेत्र के शादी संबंध अधिकतर इसी क्षेत्र में और कुछ सागर, कवाई, जामगढ़ आदि क्षेत्रों में हैं।

# ऋषीश्वर परिचय-सामान्य

**देवेन्द्र दीक्षित एडवोकेट**
जिला न्यायालय, भिण्ड
संयोजक ऋषीश्वर ब्राह्मण दर्पण
निवास : भिण्ड


ऋषीश्वर शब्द, ऋषि और ईश्वर के संयुक्तिकरण से बनता है। यहाँ ऋषि का अर्थ है अन्वेषक या शोधकर्ता और ईश्वर का अर्थ है परम तत्व यानी जो परम तत्व के अन्वेषक थे वे ऋषीश्वर कहलाए। महर्षि वशिष्ठ आदि ऋषियों को ऋषीश्वर कहा जाता था लेकिन ऋषीश्वर शब्द पद या उपाधि के रूप में ऋषीश्वर ब्राह्मण वर्ग के साथ बहुत पुराना तभी से चला आ रहा है जब वे सभी ब्राह्मण अयोध्या में निवास करते थे। वशिष्ठजी के वंशज ये शुक्ल यजुर्वेदी ब्राह्मण भी ज्ञानी, वेदज्ञ, तपस्वी और परम तत्व का चिंतन करने वाले थे इसलिए उन्हें भी ऋषीश्वर संबोधित किया जाता था" किवदंती है कि भगवान राम ने अयोध्या में रह रहे वशिष्ठ जी के वंशज ब्राह्मणों की तेजस्विता को देखकर उन्हें भी ऋषीश्वर कहकर संबोधित कियाा था" तब से यह पद निरंतर ऋषीश्वर ब्राह्मणों के साथ चला आ रहा है। इनकी विशेषता यह रही है कि हमेशा अयाचक और यायावर रहें हैं और किसी क्षेत्र विशेष से इनकी पहचान कभी नहीं रही है। ऋषीश्वर ब्राह्मण मूल रूप से उत्तराखंड के निवासी थे जो बाद में अयोध्या में आकर बस गए थे। वेदाध्ययन और तप की दृष्टि से इनमें से काफी लोग धर्मश्री संवत 11 में नाशिक चले गए थे। वेदज्ञ एवं यज्ञादि में सिद्धहस्त होने की वजह से उन्हें बड़े बड़े यज्ञों में बुलाया जाता था और उनकी कीर्ति दूर दूर तक फैल गई थी। ऋषीश्वर ब्राह्मण आदि गौड़ ब्राह्मण हैं आदि गौड़ ब्राह्मणों की 15 शाखाएं हैं जिनमें वशिष्ठ आदि गौड़ ब्राह्मण ही ऋषीश्वर ब्राह्मण हैं, जिनके वेद-शुक्ल यजुर्वेद, उपवेद-धनुर्वेद शाखा-माध्यन्दिन, सूत्र-कात्यायन, प्रवर-त्रिय, शिखा-दाहिनी, पाद-दाहिना, देवता-शिवजी, कुलदेवी सरस्वती, तिलक-त्रिपुण्ड और वृक्ष-पीपल है।

खेरा नासिक-नाशिक अत्यन्त प्राचीन धर्मनगरी है। समुद्र मंथन में अमृत की बूंदे यहां गिरी थी, इसलिए दैवीय ऊर्जा का केन्द्र हैं। हजारों साल से कुंभ के समय गंगा गोदावरी में पर्व लेने देश भर से लोग आते रहें हैं। प्राचीन काल से ही यह वेदाध्ययन का बड़ा केन्द्र रहा है। चारों ओर से ब्राह्मण वेदाध्ययन के लिए यहां आते रहें हैं। कई महापुरूष एवं ब्राह्मण जन उतर दिशा से यहां आए हैं और वैदिक संस्कृति को समृद्ध किया है। गौतम ऋषि ने वहां तप कर भगवान शिव को प्रसन्न किया था और गंगा अवतरण कराया था। वनवास काल में भगवान राम ने यहां निवास किया है। अगस्त्य ऋषि की यहां तपस्थली रही है। महर्षि वशिष्ठ की तपस्थली रही है। समर्थ गुरु रामदास ने यहां तप किया है। ऋषि मुनियों एवं ब्राह्मणों का दक्षिण की ओर गमन हमेशा रहा है और नाशिक इसका प्रमुख केन्द्र रहा है। ऋषीश्वर ब्राह्मणों का भी नाशिक में दीर्घकाल तक निवास करना यह दर्शाता है कि वेदाध्ययन, यज्ञादि कर्म, वेदों का प्रचार प्रसार और सनातन संस्कृति की रक्षा ही उनका ध्येय रहा था। जब दीर्घ काल तक ऋषीश्वरों ने नाशिक में निवास किया तो नाशिक को खेरा और गोदावरी को अपनी गंगा माना। सभी 72 गोत्रों के ऋषीश्वर चाहें वे मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र या उत्तराखण्ड कही भी रहते हो लेकिन मूल खेरा नाशिक और गंगा गोदावरी को मानते हैं। यह उनकी एकता का प्रतीक भी है। भले ही बाद में कई स्थानों पर ऋषीश्वर बसे थे लेकिन वे उस जगह बसने वाले गोत्र या परिवार के ही खेरे थे समस्त ऋषीश्वर के नहीं। नाशिक खेरा ही सर्वमान्य रहा है

गंगा गोदावरी-सप्त गंगाओं में गंगा गोदावरी का अवतरण गौतम ऋषि के तप से हुआ था। गौतम ऋषि के तप से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने गंगा अवतरण का वर दिया था। ऋषीश्वर ब्राह्मणों की गंगा गोदावरी में विशेष आस्था रही है। उत्तर भारत में दीर्घकाल तक निवास करने के बावजूद स्मृति में सदा गोदावरी ही रही। हमारे बुजुर्ग यह आकांक्षा रखते थे कि कुंभ के समय गंगा गोदावरी में पर्व लेने नाशिक जाने का सौभाग्य मिल जाए। आज हम आधुनिकता में अपनी धरोहर भूल रहे हैं, अपना गौरवशाली इतिहास भूल रहे हैं। अन्यथा ऋषि वशिष्ठ जी, खेरा नाशिक और गंगा गोदावरी, ये हमारी चिर स्मृतियाँ हैं। कुछ दशकों में बहुत कुछ बदल गया है, अन्यथा कुछ बुजुर्गों को स्मरण होगा कि जब माताएं शिशुओं को नहलाती थीं तो उस समय हर-हर गोदा बोलती थी, इसका अर्थ गंगा गोदावरी का आवाहन ही था। पुराने समय में स्नान करते समय गंगा आवाहन का चलन था। गोदावरी को दक्षिण गंगा भी कहते हैं और नाशिक को दक्षिण की काशी।

यजुर्वेद : यजुर्वेद शुक्ल तथा कृष्ण दो भागों मे विभक्त है। वेद व्यास जी ने वेदों का विभाजन करते हुये यजुर्वेद का ज्ञान वैशम्पायन ऋषि को दिया था। वैशम्पायन ने यजुर्वेद का ज्ञान याज्ञवल्क्य आदि शिष्यों को प्रदान किया था। लेकिन किसी बात पर कुपित हो जाने पर वैशम्पायन ने याज्ञवल्क्य को वेद वापिस करने की आज्ञा दी। याज्ञवल्क्य ने वेद ज्ञान वमन कर दिया। तत्पश्चात् सूर्य देव की आराधना से याज्ञवल्क्य जी ने मौलिक शुक्ल यजुर्वेद प्राप्त किया था। तभी से यजुर्वेद दो भागों में बंट गया। प्राचीन काल में शुक्ल यजुर्वेद की 15 शाखायें थीं। परन्तु वर्तमान में माध्यांदिन तथा काण्व दो शाखायें अस्तित्व में है। ऋषीश्वर ब्राह्मण शुक्ल यजुर्वेद की माध्यांदिन शाखा के ब्राह्मण हैं। यजुर्वेद की अलग-अलग शाखायें भारत के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित हैं। शुक्ल यजुर्वेद की माध्यांदिन शाखा उत्तर भारत, मिथिला तथा महाराष्ट्र के कुछ भागों में तथा काण्व शाखा दक्षिणात्य में प्रचलित है। कृष्ण यजुर्वेद की तैतरीय शाखा तेलंग व द्राविड़ प्रदेश में प्रचलित है।

धनुर्वेद : यजुर्वेद का उपवेद धनुर्वेद है। इसमें अस्त्र शस्त्र निर्माण और युद्ध कला का विस्तृत विवरण मिलता है। प्रत्येक वेद का उपवेद दैनिक जीवन में उपयोगिता और आजीविका की दृष्टि से शामिल किया गया था। जैसे ऋग्वेद का उपवेद आयुर्वेद है। जो स्वस्थ रहने की कला सिखाता था। और आजीविका भी प्रदान करता था। इसी प्रकार सामवेद का उपवेद गंधर्व वेद गायन भजन और अथर्ववेद का उपवेद स्थापत्यवेद स्थापत्य कला सिखाने के लिए प्रचलित हुआ था।

माध्यांदिन शाखा : शुक्ल यजुर्वेद की माध्यांदिन शाखा का विस्तार विशेषत: उत्तर भारत तथा कुछ महाराष्ट्र में रहा है। याज्ञवल्क्य के 15 शिष्यों में माध्यांदिन नाम के शिष्य ने जिन यजुषों का प्रवचन किया वह माध्यांदिन शाखा के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इस शाखा की संहिता माध्यांदिन संहिता के नाम से प्रसिद्ध है। इसमें 40 अध्याय हैं इन अध्यायों में कुल मिलाकर 303 अनुवाक तथा 1975 कण्डिकायें है। कण्डिकाओं में मंत्रों का विभाजन है। इनका प्रमुख प्रतिपाद्य विषय श्रौत कर्मकाण्ड है।

कात्यायन सूत्र : वेदों में सूत्रों का विशेष महत्व है। इस सूत्रों में कर्मकाण्ड श्रौत सूत्र में, गृहस्थ के अनुष्ठान गृहा सूत्र में, धर्म आचरण, धर्म सूत्र में इन विषयों की महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। महर्षि कात्यायन द्वारा प्रतिपादित कात्यायन श्रौत सूत्र इन विषयों पर एक महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसमें 26 अध्याय हैं। जिसमें यज्ञादि विधान का विषद विवरण दिया गया है।

जैसा कि पहले बताया है ऋषीश्वर ब्राह्मण तप एवं वेदाध्ययन के लिए अयोध्या से नासिक गए थे। यजुर्वेद शाखाध्यायी के होने से जहाँ वे यज्ञ कर्मकांड आदि के विशेष ज्ञाता थे वहीं धनुर्वेद के ज्ञाता होने से अस्त्र शस्त्र के निर्माण व युद्ध संचालन में प्रवीणता भी प्राप्त थी। अपरिग्रही जीवन जीना, निर्भय विचरण करना, नियमित यज्ञादि कार्य व वेदपाठ करना ये जीवन का अभिन्न अंग रहा। नाशिक प्रवास के समय उनकी कीर्ति दूरदराज क्षेत्रों में फैल गई थी। उनके इस कौशल ने राजाओं और शासकों को काफी आकर्षित किया। राजा लोग यज्ञादि कर्मकांड के लिए और अपने क्षेत्र में बसाने के लिए ऋषीश्वरों को आमंत्रित किया करते थे।

नाशिक प्रवास के समय ही एक आमंत्रण पिंट्री संवत 911 में मथुरा राज्य (तत्कालीन शूरसेनि जनपद) से मिला था। नासिक में उस समय इन्द्रजीत तथा सूरतराम दो मुखिया थे। इनमें से इन्द्रजीत के साथ कुछ लोग वहीं रह गए तथा सूरतराम के साथ काफी लोग 84 बैलगाड़ियों में भरकर मथुरा (शूरसेनि जनपद) आए थे। इन 84 परिवारों को मथुरा के राजा ने सम्मानपूर्वक 84 खेरे भी दिए थे, जहां उन्होंने दीर्घ अवधि तक सम्मानपूर्वक निवास किया था।ये खेरे मथुरा राज्य में स्थित थे लेकिन उस समय मथुरा राज्य बहुत विस्तार में था। जिसमें आज के मथुरा,आगरा,भरतपुर, सवाई माधोपुर,जालोर, सीकर और धौलपुर के क्षेत्र के अलावा अन्य स्थान भी शामिल थे।

11वीं सदी का प्रारंभ अत्यंत विध्वंशकारी रहा जब देश के प्रसिद्ध मंदिर तुर्की हमलों से तहस नहस होते गए। लोग सोमनाथ के आक्रमण को ही याद रखते हैं लेकिन उसके 7 वर्ष पूर्व सन 1018 में मथुरा वृंदावन में भी मुस्लिम आक्रांता अपार धन लूटकर ले गए थे और मंदिर नष्ट कर दिए थे। इस आक्रमण के पूर्व ही दूरदर्शिता दिखाते हुए ,काफी लोग मथुरा को छोड़कर विभिन्न क्षेत्रों में पलायन कर चुके थे। इसी क्रम में मथुरा के निकट गांवों में रहने वाले ऋषीश्वर ब्राह्मणों ने चंबल के तटों की ओर प्रस्थान करना शुरू कर दिया था। यानी ऋषीश्वर ब्राह्मणों के विस्थापन का बड़ा दौर शुरू हो गया था। आक्रांता जगह जगह हमले कर रहे थे, ऐसे में अस्मिता की रक्षा और आक्रांताओं से युद्ध ही एकमात्र कर्तव्य रह गया था । 10वीं सदी से लेकर 15वीं सदी तक का समय मुस्लिम आक्रांताओं के कारण पूरे देश के लिए संकट का रहा है। ऋषीश्वर ब्राह्मणों ने शुरू में ही विवेक से काम लिया था और उन्होंने मथुरा की सारी सुख समृद्धि का त्याग कर धौलपुर क्षेत्र की ओर पलायन कर दिया था और वहां अधिकांश खेरे बसा लिए थे लेकिन कुछ पलायन भिण्ड और मुरैना क्षेत्रों में भी हुआ था। जगा के प्रमाणित लेख के अनुसार वर्ष 1175 (सम्वत 1232) में जुगलराज नाम के ऋषीश्वर बंधू 18 परिवारों के सा[थ] धौलपुर में आ गए थे, कुछ सिद्धलपुर चले गए थे,कुछ चंबल नदी पा[र] कर भिण्ड मुरैना की ओर आ गए थे।कुछ मथुरा में ही रह गए थे लेकिन इसके पूर्व भी काफी लोग पलायन कर चुके थे। जोशी, कांकोरिया, दीक्षित ,बेरीबार आदि गोत्र के लोग काफी पहले ही भिण्ड मुरैना क्षेत्रों में आकर बस गए थे। लेखों के अनुसार धौलपुर में मुसलमानों से भारी युद्ध करने पड़े और पलायन भी चलता रहा।वर्ष 1203 (सम्वत 1260) में लाल खां मुसलमान से युद्ध हुआ जिसमें ऋषीश्वर वीरगति को प्राप्त हुए थे।वर्ष 1303 (सम्वत 1360) में धौलपुर में ही बड़ा संघर्ष हुआ था जिसमें 500 मुसलमान शत्रु मा[रा] गया और 138 ऋषीश्वर वीरगति को प्राप्त हुए इनमें 11 गौतम, 1[.] तिवारी, 5 पाराशर, 7 श्रोती, 10 ढमोले, 16 जोशी, 5 भारद्वाज, [.] मुदगल, 4 सागोरिया, 10 पचौरी, 5 सिंघोलिया, 7 सड़वारिया, [.] कांकोरिया,11 बेरीबार, 6 चौबे, 8 सीरोठिया, 3 डभरैया, [.] मंगोलिया, और 2 पिपलानिया थे। इस नरसंहार के बाद ऋषीश्व[र] को बड़े स्तर पर स्थान परिवर्तन करना पड़ा था।

जानकारी के अनुसार मुरैना क्षेत्र में सर्वप्रथम प्रवेश किया गया तथा उसैथ, रिठौरा,कुम्हेरी, हड़वासी, तुतवास, क्वारी विंड[वा] आदि गांवों में बसे थे। उसी समय भिण्ड जिले के अकोड़ा, चपरा, मटघेना, परसोना, भदाकुर आदि में बसे थे। मुदगल और पचौरी खरकोली, खड़ौलिया- क्वारीविंडवा, तिवारी-तुतवास, जोशी- उसैथ, पाराशर- फिरोजपुर, भारद्वाज- झार, ढमोले- देवरी, सागोरिया और सिंघोलिया- बसई, फुसेंतिया- रिठौरा, दीक्षित- सिंहोंनिया, बिरथरिया- चपरा, सड़वारिया और कांकोरिया- अंजनीखेड़ा, चौबे- भदाकुर, मंगोलिया- परसोना,गौतम मोरौली, बेरीबार-जसपुर और उपाध्याय-मटघेना में बसे थे।

ऋषीश्वर ब्राह्मणों का भिण्ड मुरैना और धौलपुर क्षेत्र में जो संघर्ष था वह प्रमुख रूप से चंबल क्षेत्र के आसपास बसे हुए मेवों (मेवाती मुसलमान) से रहा जो दुर्दांत थे और गांवों में रहने वाले लोगों को त्रस्त कर रखा था। इधर ऋषीश्वर ब्राह्मणों की यह कीर्ति हो चुकी थी कि ये मुस्लिम आक्रांताओं से विजय प्राप्त कर रहे हैं ,ऐसे में लोगों ने इनसे सहयोग का आदान प्रदान शुरू कर दिया। जहां इन्हें उचित लगता वहीं वीरता से मेवों को मार भगाते और अपने बसने का प्रबंध कर लेते। उनकी युद्ध कौशल ने जाट और तोमर शासकों को बहुत आकर्षित किया और इन दोनों से ही काफी सामंजस्य बना रहा। इन्होंने ऋषीश्वरों को पूरा सम्मान दिया और स्थापित होने में सहायता भी दी। ऋषीश्वर अपनी लड़ाई स्वयं लड़ते थे और स्वाभिमान से रहते थे।

## गोत्र

